# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़,
नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


# खौफ का काला शनिवार

## नवी मुंबई में चार मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत और दो बचाए गए

## टला बड़ा हादसा, पटरी से उतरे मालगाड़ी के चार डिब्बे

महाराष्ट्र के लिए शनिवार काला दिन साबित हुआ। राज्यभर में हादसे में 3 लोगों की जान चली गई, वहीं ऐसी घटनाएं भी घटीं जो इक्कीसवीं सदी के लिए शर्मनाक है। सीबीडी बेलापुर इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला आवासीय इमारत गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पश्चिमी रेलवे के बोईसर स्टेशन के यार्ड में एक बड़ा रेल हादसे होते-होते बचा। शनिवार को मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए।

नवी मुंबई

## 4 मंजिला इमारत गिरने से 3 लोगों की मौत

### ▸▸ दरार पड़ने के बाद 52 निवासियों को सुरक्षित निकाला



**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

सीबीडी बेलापुर के शाहबाज गांव में एक चार मंजिला इमारत ढह गई। यह आवासीय इमारत थी। जिसे दरार पड़ने के बाद खाली करा लिया गया था। इमारत शनिवार तड़के साढ़े चार बजे के करीब अचानक ढह गई। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। यह इमारत अवैध तरीके से बनाई गई थी। इमारत ढहने की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में ज्यादा लोगों की जान जा सकती थी, लेकिन सुबह इमारत में दरारें देखे जाने के बाद उसमें रहनेवाले 52 निवासियों को सुरक्षा के मद्देनजर स्थानांतरित करा लिया गया था। जैसे ही इमारत खाली कराई गई उसके कुछ ही देर बाद ढह गई। जिसमें तीन लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद मिराज अल्लाफ हुसैन (30), मिराज सैफ अंसारी (24) और शफीक अहमद रहमत अली अंसारी (28) के रूप में की गई है। शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### हादसे के कारणों की होगी जांच

नवी मुंबई महानगर पालिका (एनएमएमसी) के आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया कि आज तड़के चार मंजिला एक इमारत ढह गई, इमारत में 13 कमरे और तीन दुकानें थीं। इमारत ढहने के बाद सुबह करीब छह बजे मलबे से दो लोगों, लाल मोहम्मद (22) और रुखसाना (21) को सुरक्षित निकाल लिया गया।

### मुख्यमंत्री ने जाना हालचाल

दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने गए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों से फोन पर राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ितों को संभावित मदद करने का आदेश दिया। वहीं मलबे में लोगों को ढूंढने का कार्य कर रही एनडीआरएफ केएक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान में खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है।

### तीन हजार अवैध इमारतें

नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2016 के बाद 3 हजार अवैध इमारतें खड़ी होने की पुष्टि सिडको प्रशासन की ओर से की जा चुकी है, जबकि आरटीआई कार्यकर्ता राजीव मिश्रा के मुताबिक पूरी नवी मुंबई में लगभग 8 हजार अवैध इमारतें हैं।

पालघर

## बेपटरी हुई मालगाड़ी, बोईसर स्टेशन यार्ड में मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतरे

पालघर। मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पश्चिमी रेलवे के बोईसर स्टेशन के यार्ड में एक बड़ा रेल हादसे होते-होते बचा। शनिवार को मालगाड़ी के पांच डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, इस घटना से रेल यातायात पर कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि कंटेनरों से लदी ट्रेन के पांच डिब्बे सुबह 6 :45 बजे पटरी से उतर गए। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने कहा, 'इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। यार्ड के अंदर हुई घटना के कारण उपनगरीय या लंबी दूरी की ट्रेनों की आवाजाही पर कोई असर नहीं पड़ा। यह दुर्घटना तब हुई जब कंटेनरों से लदी ट्रेन आगे बढ़ रही थी।'

### 10 दिनों से भी कम समय में यह दूसरी दुर्घटना

अधिकारी ने बताया कि वैगनों को फिर से पटरी पर लाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। मुंबई डिवीजन में पश्चिम रेलवे के नेटवर्क पर 10 दिनों से भी कम समय में यह दूसरी दुर्घटना है। 19 जुलाई को गुजरात के वलसाड के पास डुंगरी स्टेशन पर एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी। संयोग से, यह उस समय हुआ जब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पश्चिम रेलवे के चर्चगेट मुख्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

## लाचार जिंदगी : बाढ़ के चलते डूबा पुल, घायल को परिजन ने खाट पर लादकर पहुंचाया अस्पताल



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते यहां बाढ़ आ गई है। आलम यह है कि कई गांव शहर से कट गए हैं। इसका सबसे ज्यादा असर नक्सल प्रभावित गांव भामरागढ़ में दिख रहा है। शहर से संपर्क टूट जाने के लिए कारण यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच गुरुवार को खेतों में काम करने के दौरान एक व्यक्ति फिसल कर घायल हो गया. जिसके बाद उसे 18 किलोमीटर दूर स्थित अस्पताल में पहुंचाने के लिए खाट का सहारा लेना पड़ा।

# लाडली बहन योजना पर नहीं लगा ग्रहण

## बहनों के लिए है भरपूर पैसा, विपक्ष फैला रहा फेक नैरेटिव: अजित पवार



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लाडली बहन योजना से महाराष्ट्र सरकार की महायुति सरकार को विधानसभा चुनाव में ढेरों उम्मीदें है। महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए भुगतान वाली इस योजना को लेकर विपक्ष पहले से ही सवाल उठाता रहा है। शुक्रवार को इस योजना को वित्त विभाग द्वारा नकारने की खबरें भी सामने आई थीं। लेकिन राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने योजना को वित्त विभाग के रेड सिग्नल की खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा है कि योजना के तहत बहनों को भुगतान के लिए सरकार के पास भरपूर पैसा उपलब्ध है। अजित पवार ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राज्य के वित्त एवं योजना मंत्री के रूप में, मैंने स्वयं वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के अनुपूरक बजट में 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन' योजना पेश की थी। मैंने वित्त एवं नियोजन, सभी संबंधित विभागों और राज्य कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही राज्य बजट में इस योजना की घोषणा की है। चालू वित्तीय वर्ष में योजना के लिए आवश्यक 35 हजार करोड़ रुपए की पूरी राशि इस वर्ष के बजट में ही प्रदान की गई है। तो इस योजना के लिए पैसे की समस्या का सवाल ही नहीं उठता है।

### राशि खर्च करने को सरकार तैयार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र जैसे आर्थिक रूप से समृद्ध राज्य के लिए इतनी रकम खर्च करना संभव है। राज्य सरकार प्रदेश में माताओं-बहनों-बेटियों की आर्थिक स्वतंत्रता, स्वावलंबन, पोषण और सर्वांगीण सशक्तिकरण, मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाने के लिए यह राशि खर्च करने को तैयार है। इसलिए राज्य में किसी के पास 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' का विरोध करने का कोई कारण नहीं है।

### प्रतिसाद से विपक्ष परेशान

डीसीएम अजित ने कहा कि लाडकी बहिन योजना को राज्य की माताओं-बहनों-बेटियों से जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है। एक महीने के भीतर 1 करोड़ से अधिक बहनों ने ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया है। योजना की सफलता देखकर विरोधी बौखला गए हैं और मीडिया में भ्रामक व बेबुनियाद खबरें फैलाकर 'फेक नैरेटिव' बनाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश की जनता, माताएं-बहनें विपक्ष की 'भ्रमित करने की कोशिशों का शिकार नहीं बनेंगी।

## 8 लाख की इनामी महिला नक्सली का सरेंडर



**दोपहर संवाददाता | गढ़चिरौली**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में शनिवार को पुलिस और सीआरपीएफ के सामने 8 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। रीना नरोटे उर्फ ललिता 'टेलर टीम की कमांडर थी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रीना सीपीआई (माओवादी) के पूरे गढ़चिरौली डिवीजन में रसद की जिम्मेदारी संभालती थी। गढ़चिरौली की रहने वाली 36 वर्षीय महिला नक्सली का नाम हत्या और सुरक्षाकर्मियों पर हमले के एक मामले में है। महाराष्ट्र सरकार ने उसे पकड़ने के लिए 8 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उसने पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## पुणे पोर्श केस में 900 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

### नाबालिग आरोपी का नाम नहीं

### ▸▸ 7 आरोपियों के खिलाफ 50 गवाहों के बयान

**दोपहर संवाददाता | पुणे**

पुणे पोर्श केस में पुलिस ने करीब दो महीने बाद 900 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। सेशन कोर्ट में गुरुवार को दाखिल किए गए 900 पेज की चार्जशीट में 17 साल के नाबालिग आरोपी का नाम शामिल नहीं किया गया है। नाबालिग का मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (JJB) के सामने है। वहीं, 7 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचने और साक्ष्य मिटाने से संबंधित धाराओं के तहत आरोपी बनाया गया है। इनमें नाबालिग के माता-पिता, ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टर और एक कर्मचारी और दो बिचौलिए शामिल हैं।

### नाबालिग ने पोर्श कार से बाइक को टक्कर मारी थी, दो लोगों की मौत हुई थी

आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में IT सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था।



### नाबालिग आरोपी को हाईकोर्ट ने जमानत दी

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 25 जून को नाबालिग को जमानत दे दी थी। तब कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो।हाईकोर्ट के आदेश के बाद किशोर को सुधार गृह से रिहा कर दिया गया और उसकी हिरासत उसकी मौसी को सौंप दी गई थी।

## सेंट्रल और हार्बर रेलवे लाइन पर रविवार को मेगाब्लॉक

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकल से सफर करने वाले मुंबईकरों के लिए जरूरी खबर है। मुंबईकरों के लिए रविवार को लोकल से सफर करना काफी परेशानी भरा होने वाला है। क्योंकि 28 जुलाई 2024 यानी रविवार को सेंट्रल और हार्बर रेलवे लाइन पर मेगाब्लॉक लिया जाएगा। यह मेगाब्लॉक उपनगरीय रेलवे लाइन पर पटरियों की मरम्मत और सिग्नल प्रणाली में कुछ तकनीकी कार्यों के लिए लिया जाएगा। रविवार को सेंट्रल रेलवे की माटुंगा-ठाणे अप और डाउन एक्सप्रेस लाइन पर, जबकि हार्बर लाइन, पनवेल-वाशी अप और डाउन पर मेगाब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे पर रविवार सुबह कोई मेगा ब्लॉक नहीं रहेगा।

मध्य रेलवे लाइन पर माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन एक्सप्रेस लाइन पर रविवार को सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.05 बजे तक मेगाब्लॉक आयोजित किया जाएगा। इस ब्लॉक के दौरान, सीएसएमटी से प्रस्थान करने वाली एक्सप्रेस लोकल सेवाओं को माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा। ठाणे के आगे इन फास्ट लोकल डाउन को एक्सप्रेस लाइन पर डायवर्ट कर दिया जाएगा। ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप फास्ट रूट पर स्थानीय सेवाओं को मुलुंड और माटुंगा के बीच अप स्लो रूट पर डायवर्ट किया जाएगा। वे अपने निर्धारित स्टॉपेज पर रुकेंगे. इसके बाद अप्स को फास्ट ट्रैक पर फिर से रूट किया जाएगा। यह सेवा निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य तक पहुंचेगी।



हार्बर रेलवे लाइन पर रविवार को सुबह 11.05 बजे से शाम 4.05 बजे तक पनवेल-वाशी अप और डाउन हार्बर रूट पर मेगाब्लॉक आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक अवधि के दौरान पनवेल/बेलापुर से सीएसएमटी तक अप हार्बर मार्ग पर स्थानीय सेवाएं और सीएसएमटी से पनवेल/बेलापुर तक डाउन हार्बर मार्ग पर स्थानीय सेवाएं रद्द रहेंगी। पनवेल से ठाणे तक अप ट्रांसहार्बर मार्ग पर स्थानीय सेवाएं बंद रहेंगी। पनवेल से ठाणे तक डाउन रूट पर लोकल सेवाएं बंद रहेंगी। इस ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी और वाशी के बीच विशेष लोकल चलेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रांस हार्बर पर ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच स्थानीय सेवाएं जारी रहेंगी।

### वीके सक्सेना मानहानि मामला

## सत्र अदालत पहुंची मेधा पाटेकर



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले में ट्रायल कोर्ट की ओर से दी गई सजा को चुनौती देते हुए सत्र न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। बता दें कि दिल्ली की साकेत कोर्ट ने 1 जुलाई को मेधा पाटकर को पांच महीने की साधारण कैद की सजा सुनाई थी। अदालत ने पाटकर पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अदालत ने सजा को एक माह के लिए निलंबित कर दिया था, ताकि वह सजा के खिलाफ सत्र न्यायालय में अपील कर सकें।

### ▸▸ सजा को दी चुनौती

### 2000 में शुरू हुई थी कानूनी लड़ाई

बता दें कि वीके सक्सेना और मेधा पाटकर के बीच कानूनी लड़ाई 2000 में शुरू हुई थी। मेधा पाटकर ने नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) के खिलाफ विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। वीके सक्सेना उस समय अहमदाबाद स्थित काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज नामक एक गैर सरकारी संगठन के प्रमुख थे। सक्सेना ने 2001 में एक टीवी चैनल पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और मानहानिकारक बयान जारी करने के लिए मेधा पाटकर के खिलाफ दो मामले भी दर्ज कराए थे।



### मेधा पाटेकर 24 मई को दोषी करार

मेधा पाटेकर को बीते 24 मई को दोषी करार दिया गया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि अच्छे आचरण की शर्त पर रिहाई की उनकी प्रार्थना खारिज कर दी गई। अदालत ने यह भी कहा कि दोषी ने बचाव तो किया, लेकिन अपने बचाव में कोई सबूत पेश नहीं कर पाईं। वीके सक्सेना के वकील गजिंदर कुमार ने कहा कि उन्हें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। वह इसे डीएलएसए को देंगे। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता को मुआवजा दिया जाएगा और फिर आप इसे अपनी इच्छानुसार निपटा सकते हैं।

## राकांपा की जन सम्मान यात्रा का आज से आगाज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) रविवार से पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख सुनील तटकरे के नेतृत्व में जन सम्मान यात्रा शुरू करेगी। राकांपा विधान पार्षद शिवाजीराव गर्जे और पार्टी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जन सम्मान यात्रा राज्य के सभी जिलों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों से जुड़ना, उनके मुद्दों का समाधान करना और सरकारी योजनाओं के प्रसार के लिए पार्टी के प्रयासों को प्रदर्शित करना तथा अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। परांजपे ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जनता से जुड़ना तथा उन्हें कल्याणकारी कार्यक्रमों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना होगा।



### यात्रा का रोडमैप

गर्जे ने बताया कि तटकरे 28 जुलाई को नासिक से यात्रा शुरू करेंगे और अहमदनगर के देवलाली, सिन्नर, येओला और कोपरगांव का दौरा करेंगे। 29 जुलाई को वह निफाड़ और डिंडोरी का दौरा करेंगे और लोगों को महायुति सरकार की योजनाओं के बारे में बताएंगे तथा पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे। वह राज्य के अन्य हिस्सों का भी दौरा करेंगे।



## केंद्रीय बजट में महाराष्ट्र के लिए कई योजनाएं हैं : पीयूष गोयल

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि 2024-25 के केंद्रीय बजट में महाराष्ट्र के लिए कई योजनाओं को लेकर आवंटन किया गया है, जिनमें बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाएं भी शामिल हैं। वह विपक्षी दलों की आलोचना का जवाब दे रहे थे कि 23 जुलाई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए बजट में महाराष्ट्र की अनदेखी की गई। मुंबई उत्तर से सांसद गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बजट विकसित भारत के लिए है और यह समावेशी, प्रभावशाली और अभिनव है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''मैं मुंबई और महाराष्ट्र के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि ऐसी कई योजनाएं हैं जिनके तहत बजट में राज्य के लिए आवंटन किया गया है।''

# भिवंडी पश्चिम विधानसभा की मतदाता सूची से सात हजार मतदाताओं का नाम गायब

**दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग**

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी। भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से लगभग सात हजार मतदाताओं का नाम गायब है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं भिवंडी पश्चिम विधानसभा के आव्जर्वर रियाज़ आज़मी ने मतादाता सूची से मतदाताओं का नाम गायब करने अथवा डिलीट करने का आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच करके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार सहित मनपा आयुक्त तथा प्रशासक को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने डिलीट किए गए नामों को पुनः मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की है।



## क्या है पूरा मामला ?

उपविभागीय अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में रियाज़ आज़मी ने आरोप लगाया है कि भिवंडी पश्चिम विधानसभा की मतदाता सूची क्रमांक 31 से लगभग सात हजार मतदाताओं का नाम गायब कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि यह तो पता नहीं कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम कैसे गायब हो गए? लेकिन इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि बीएलओ ने आर्थिक लाभ के कारण वे नाम गायब कर दिये होंगे। नाम गायब होने के बाद किसी भी बीएलओ ने न तो किसी भी मतदाता से संपर्क किया है और न ही नामों के गायब होने का खुलासा किसी को किया है। मतदाता सूची से किसकी आपत्ति के बाद नाम कम कर दिए गए हैं। लेकिन इस मामले में आपत्तिकर्ता को भी पता नहीं है कि उसने किस तरह की आपत्ति ली है और उसकी आपत्ति से नाम कम हो गए हैं। उन्होंने कहा है कि समझना चाहिए कि यह किस तरह का मामला है, जिसके लिए लगभग सात हजार मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब होने के मामले में उनकी शिकायत दर्ज की जानी चाहिए।

## जांच की मांग

रियाज़ आज़मी ने उपविभागीय अधिकारी से इसकी जांच की मांग की है कि मतदाता सूची से इतने बड़े पैमाने पर नाम कैसे गायब हो गए। उन्होंने अनुरोध किया है कि मुस्लिम इलाके के नाम कैसे गायब हुए और किसने ये नाम गायब किए इसका पता लगाया जाए। जिन्होंने ऐसा किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा उन्हें बीएलओ की जानकारी दिया जाए और साथ ही कौन सी सूची का भाग क्रमांक लगाना चाहिए सूची हस्ताक्षर सहित दी जाए। रियाज आज़मी के साथ गए इस शिष्टमंडल में पूर्व नगरसेवक फराज बहाउद्दीन, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष मुनव्वर शेख, आलमगीर,महबूब शेख एवं अनवर खान सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# वर्षा के संकट से जूझ रहे पुणे के लोगों के लिए ठाणे मनपा ने बढ़ाया मदद का हाथ

दोपहर संवाददाता । ठाणे

लगातार भारी बारिश के संकट से जूझ रहे पुणे में प्रभावित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देशानुसार अब ठाणे मनपा ने मदद का हाथ बढ़ाया है।आज ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में ठाणे नगर निगम की ठाणे आपदा टीम की एक टीम को आज सुबह पुणे भेजा गया। पुणे नगर निगम क्षेत्र में भारी बारिश. के पानी से जूझ रहे लोगों की सहायता के लिए आयुक्त सौरभ राव के निर्देश पर तत्काल ही 200 लोगो की टीम ठाणे महानगर पालिका की ओर से पुणे भेजी गई है। इस टीम में 02 उप अभियंता




(मैकेनिकल), 2 पर्यवेक्षक, 3 तकनीकी कर्मचारी, 4 जेटिंग वाहन, 4 ड्राइवर, 8 ऑपरेटर/सहायक, 177 सफाई कर्मचारी, 04 उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक शामिल हैं। 12 स्वच्छता निरीक्षक, 10 कांस्टेबल, सहित 07 ड्राइवर आदि शामिल हैं। भेजी गई सामग्री में 80 झाड़, 80 ब्रश, 80 फावड़े, 80 कांटे/पंजे आदि भी शामिल हैं। इसमें भारी बारिश के पीड़ितों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के लिए मेडिकल किट, दवाओं का पर्याप्त स्टॉक, ओआरएस पैकेट, पानी और बिस्कुट आदि भी शामिल हैं। साथ ही नागरिकों को तत्काल उपचार प्रदान करने के लिए कार्डियक एम्बुलेंस, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता सोनावणे, 1 नर्स और 1 ड्राइवर शामिल हैं।

## फाइलेरिया टीम को एक परिवहन बस में भेजा गया

ठाणे मनपा के सूत्रों के अनुसार पुणे में वर्षा के कारण क्षेत्र में महामारी फैलने से रोकने के लिए फाइलेरिया टीम को एक परिवहन बस में भेजा गया है ।इसमें 5 धुआं स्प्रे मशीनें, दो उपयोगिता वाहन 01 इनोवा वाहन और 10 स्प्रे पंप दवा स्टॉक के साथ शामिल हैं। इस टीम के साथ 2 स्वच्छता निरीक्षक, 04 ड्राइवर, 19 फाइलेरिया समेत कुल 257 अधिकारी पुणे के लिए रवाना हुए हैं. उक्त टीम उपायुक्त जीजी गोदेपुरे के नेतृत्व में रवाना की गयी है. इस अवसर पर उपायुक्त तुषार पवार, आपदा प्रबंधन अधिकारी वाई.एम. तडवी और अन्य उपस्थित थे।

# सभी सड़कों का दुरुस्तीकरण तत्काल करने का निर्देश

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे शहर में चल रहे सभी सड़कों के दुरुस्तीकरण काम का संबंधित अधिकारियों के साथ दौरा कर जायजा लिया। बरसात के मौसम में मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सभी सड़कों पर गड्डों को लेकर मनपा हमेशा सुर्खियों में रहती है। इस विषय को मनपा आयुक्त सौरभ राव ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित सभी विभागों को आड़े हाथों लेते हुए दुरुस्तीकरण जल्द से जल्द करने के लिए निर्देश दिया था। मनपा आयुक्त राव ने सड़कों पर गड्डों को बंद करने से पहले अच्छे से सफाई कर मास्टिक पद्धति से मनपा, मेट्रो प्राधिकरण, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, एमएमआरडीए के सभी अधिकारियों को निर्देश दिया था ।इस दौरे में अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, नगरअभियंता प्रशांत सोनाग्रा,यातायात उपायुक्त विनयकुमार राठोड, एमएमआरडीए मेट्रो कोऑर्डिनेटर जयवंत ढाणे, कार्यकारी अभियंता शेवाले, महाले, सार्वजनिक बांधकाम विभाग के कार्यकारी सुनील पाटील, शाखा अभियंता परदेशी सहित ठाणे मनपा उपनगर अभियंता सुधीर गायकवाड, कार्यकारी अभियंता संजय कदम, प्रकाश खडतरे, जवलकर आदि उपस्थित थे।



## मूसलाधार बरसात के कारण सड़कों पर गड्ढे

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कई दिनों से लगातार मूसलाधार बरसात के कारण सड़कों पर गड्ढे हो गये है। सड़कों पर गड्ढों को एक समान भरने के लिए आयुक्त ने निर्देश दिया ।गटरों को सफाई कर कचरे को सड़क पर से तत्काल हटाने के लिए कहा ।शहर के विविध जगहों के जंक्शन के रास्तों की हालात खस्ता हुआ है ।इस तरह के सड़कों को पैचवर्क के पद्धति से करने के लिए आदेश आयुक्त राव ने दिया। माजिवाडा जंक्शन से नागला बंदर तक का सड़कों का दौरा कर जायजा लिया और सड़कों की खस्ता हालत के कारण यातायात जाम की समस्या से नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है इसलिए इस समस्या से निजात दिलाने के लिए तेज गति से काम करने के लिए कहा।

# छोटे भाई ने बड़े भाई पर किया चाकू से घायल

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में बड़े भाई द्वारा अपने छोटे भाई को शराब छोड़ने की नसीहत देना तब महंगा पड़ गया जब शराबी भाई ने इससे नाराज होकर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस किडनी पर चाकू से हमला करने से पीड़ित की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## विट्ठलवाड़ी पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी



**शराब पीने से मना करने से था नाराज**

उल्हासनगर कैंप 4 कृष्णा मैरेज हॉल के पास रहने वाले सिद्धार्थ वानखेड़े (23) ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाते हूए जानकारी दी कि 23 जुलाई शाम 5 बजे के दरम्यान कृष्णा मैरेज होल के बाहर अपने छोटे भाई गौतम वानखेड़ को शराब पीकर घर मे आने से मना करते हुए कहा कि तुम्हरे शराब पीने से घर मे झगड़ा होता ।शराब पीना छोड़ दो कोई काम धंधा करो ।परिवार के साथ मिलजुल कर रहो। बड़े भाई की नसीहत छोटे भाई को इतना नागवार गुजरी की कमर से चाकू निकल कर सिद्धार्थ के पेट मे हमला कर दिया। इस हमले में बीच बचाव करने वालो को भी चाकू दिखाकर धमकी दी ।उनमें दहशत कायम किया ।कोई बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की गयी. इस हमले में बड़े भाई की किडनी खराब हो गयी ।विट्ठलवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक गवली कर रहे हैं।

# घरफोड़ी के दो आरोपी गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के गोदाम क्षेत्र में हुई घरफोड़ी घटना के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 6 लाख 16 हजार रूपये कीमत की 72 बैटरी बरामद किया है। यह जानकारी नारपोली पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में सीनियर पीआई भरत कामत ने दी है।

**6 लाख की बैटरी बरामद**



## 72 बैटरी चोरी कर हुए थे फरार

सीनियर पीआई भरत कामत ने बताया कि 21 जुलाई के रोज भिवंडी तालुका के भटाले गांव में बालाजी कॉम्प्लेक्स गोदाम में बड़े पैमाने पर बैटरी व इन्वाइटर रखा हुआ था। जिसे देर रात अज्ञात चोरों ने डुप्लीकेट चाबी की मदद से गोदाम खोल कर अंदर रखी 72 बैटरी चोरी कर फरार हो गए थे। नारपोली पुलिस ने गोदाम प्रबंधक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक भरत कामत के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विजय मोरे व उनकी टीम ने मामले की जांच शुरू की और घटना स्थल पर लगे सीसीटी.व्ही फूटेच की जांच की। जिसमें उन्हें एक टेंपो चालक पर संदेह हुआ, जिसके बाद पुलिस ने टेंपो चालक विनोद डोकफ़ोडे को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। तब टेंपो चालक विनोद ने घरफोड़ी की बात कबूल कर ली और कहा कि चोरी किया हुआ सभी माल उसने कौसा मुंब्रा में रकीब मजीद खान नामक व्यक्ति को बेच दिया है। इसके बाद पुलिस की टीम में मुंब्रा कौसा से रकीब खान को भी गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 6 लाख 16 हजार 651 रूपये कीमत की 72 बैटरी जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

# जुगार अड्डे पर छापा, मात्र 800 रुपए जब्त

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के निजामपुरा पुलिस ने नजराना टॉकीज के सामने साइकिल मार्ट नामक दुकान के पीछे चल रहे मटका जुगार अड्डे पर छापा मार कर वहां से मात्र 800 रुपए जब्त कर दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की कलम 35 (03) के तहत नोटिस दे कर दोनो को छोड़ दिया है।



## महाराष्ट्र जुगार प्रतिबंधक एक्ट के तहत मामला दर्ज

जानकारी के अनुसार निजामपुरा पुलिस को सूचना मिली के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित लासी साइकिल मार्ट दुकान के पीछे भावे कंपाउंड में कुछ लोग अवैध मटका जुगार अड्डा चला रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने उक्त जुगार अड्डे पर छापा मार कर वहां से शांतिनगर निवासी साबिर कादिर खान 35 और शहाबुद्दीन मैनुद्दीन अंसारी 39 को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने वहां से मात्र 800 रुपए जुआ की रकम जप्त कर ली है। पुलिस ने पकड़े गए उक्त जुआरियों के खिलाफ महाराष्ट्र जुगार प्रतिबंधक एक्ट की कलम 12 (अ) के तहत मामला दर्ज किया है।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं : मनोज शिंदे

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

कांग्रेस नेता मनोज शिंदे ने उल्हासनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी अंबरनाथ विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने और पार्टी ढांचे को मजबूत करने की अपील की है। उल्हासनगर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव और पार्टी निर्माण के संबंध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय नेहरू भवन उल्हासनगर 2 में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक उल्हासनगर कांग्रेस के सह प्रभारी मनोज शिंदे की उपस्थिति में और जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मनोज शिंदे ने आगे कहा कि जब देश बेहद कठिन परिस्थिति से गुजर रहा है, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में कड़ी मेहनत करके कांग्रेस पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई है. कांग्रेस के सत्ता में आने तक यह लड़ाई खत्म नहीं होगी, हमें यह लड़ाई लगातार लड़नी है, ताकि आगामी विधानसभा में कोंकण में कांग्रेस पार्टी को बड़ी संख्या में उम्मीदवार मिल सकें, हम जल्द ही महाराष्ट्र प्रभारी को संबोधित करेंगे, बूथ और वार्ड स्तर पर तैयारी कर कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार रहें।



# स्कूटी की दिग्गी से सवा लाख का आभूषण चोरी

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के गोदाम क्षेत्र में पूर्णा स्थित अरिहंत कंपाउंड में एक व्यक्ति की स्कूटी की दिग्गी तोड़ कर अज्ञात चोर ने दिग्गी में रखा 1 लाख 20 हजार रूपये कीमत का सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार भिवंडी के अंजुर इलाके के रहने वाले अमर कमलाकर पाटील 28 वर्ष जो पूर्णा के अरिहंत कंपाउंड में इंडोनेशन फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करते है। जो गुरुवार की सुबह काम पर आने के बाद गोदाम के गला नंबर 5,6,7 के बाहर कंपनी के में गेट के सामने अपनी होंडा कंपनी की डियो स्कूटी नंबर एमएच. 04. एलजे. 5280 खड़ी कर दी थी। और दोपहर 12 बजे से ढाई बजे के दरमियान किसी अज्ञात चोर ने स्कूटी की दिग्गी तोड़ कर उसमें रखा 1.20 लाख रूपये कीमत का सोने के करण फूल और गले का पैदल चोरी कर फरार हो गया है। नारपोली पुलिस ने अमर पाटील की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है। इसकी जांच पुलिस हवलदार वाझे कर रहे हैं।

# उल्हासनगर में अभय योजना से 21 करोड़ की वसूली

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा में 22 जुलाई से 27 जुलाई तक संपत्ति कर पर शत-प्रतिशत जुर्माना माफ करने की अभय योजना और 27 जुलाई शाम तक कुल 21 करोड़ रुपये संपति कर के रूप में जमा हुए हैं ।विधायक कुमार आयलनी व मानसून को देखते हूए अब इस योजना को 31 जुलाई तक बढ़ा दिए जाने की जानकारी अतरिक्त आयुक्त जमीर लेगरेकर ने दी। साथ ही 27 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था।




## 31 जुलाई तक अभय योजना का लाभ ले सकेंगे नागरिक।

उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील के साथ 27 जुलाई के दिन 6 करोड़ 33 लाख रुपये संपति कर के रूप में जमा हुए ।इस प्रकार से 22 जुलाई से 27 जुलाई तक कुल 21 करोड़ रुपये संपति कर कर रूप में जमा हुए हैं ।उल्हासनगर मनपा टॅक्स विभाग की अभय योजना 22 जुलाई से 27 जुलाई तक लागू की गई थी ।इसमें संपत्ति कर (property tax) और पानी बिल (water tax) पर लगी हुई पेनल्टी 100 प्रतिशत माफ कर दी गयी है। हाल ही में हुई भारी बारिश और नागरिकों को हुई असुविधा के कारण विधायक कुमार आयलनी और नागरिकों की मांग के अनुसार मा. आयुक्त अजीज शेख ने प्रापर्टी टॅक्स और वॉटर टॅक्स पर पेनल्टी को 100 प्रतिशत माफ करने की समय सीमा बढ़ाकर अंतिम दि. 31 जुलाई 2024 कर दी है।

# 25 साल के इतिहास में सड़क हादसे का सबसे बड़ा मुआवजा

**लोक अदालत ने सौंपा 2.85 करोड़ रुपये का चेक**
**जून 2022 में सड़क हादसे में मारे गए थे अधिकारी**

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे स्थित राष्ट्रीय लोक अदालत ने जून 2022 में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए एक व्यक्ति के परिजनों को शनिवार को 2.85 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। यह मुआवजा राशि इसके 25 वर्ष के इतिहास में किसी मृतक के परिजन को दी गई सबसे अधिक राशि है। ओएनजीसी के महाप्रबंधक धीरेंद्र चंद्र ठाकुरदास रॉय की कार को पनवेल-सायन रोड पर 19 जून, 2022 को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिसके बाद अधिकारी का वाहन राज्य परिवहन की एक बस से जा टकरा गया। रॉय का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## अदालत ने परिजनों को सौंपा चेक



जिला न्यायाधीश एसएस शिंदे और मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) सदस्य एसएन शाह ने रॉय की विधवा, दो बेटियों और 86 वर्षीय मां को 2.85 करोड़ रुपये का मुआवजा चेक सौंपा। मृतक के परिजनों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एसटी कदम ने कहा कि दुर्घटना के समय रॉय का मासिक वेतन छह लाख रुपये था। पिछले साल 23 फरवरी को घोड़बंदर रोड पर सड़क दुर्घटना में मारी गई आईटी फर्म की एचआर प्रमुख मौसमी मेहेंदले (38) के परिवार को एक अलग मामले में 1.15 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था। लोक अदालत में एक अन्य उल्लेखनीय घटनाक्रम के तहत एमएसीटी सदस्य शाह ने एक फार्मेसी छात्र के लिए समझौते की घोषणा की, जो ठाणे में एक सड़क दुर्घटना में शामिल था, लेकिन वर्तमान में लंदन में रहता है।

# ऑटोरिक्शा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**लड़के के यौन उत्पीड़न का आरोप**

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

महाराष्ट्र की नवी मुंबई पुलिस 13 वर्षीय एक लड़के का यौन उत्पीड़न करने के मामले में एक ऑटोरिक्शा चालक की तलाश कर रही है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना 23 जुलाई को हुई थी। रबाले थाने के उपनिरीक्षक राजेंद्र चित्ते ने दर्ज मामले के आधार पर बताया कि मुंबई के मुलुंड में रहने वाला पीड़ित नौवीं कक्षा का छात्र है जो तैराकी की क्लास लेने के लिए कलवा गया था। उन्होंने कहा कि रात करीब 9.45 बजे जब वह ऑटोरिक्शा से अकेले घर लौट रहा था तो चालक ने विटावा पेट्रोल पंप के पास वाहन को रोका और उसका यौन उत्पीड़न किया। घटना के चलते सदमे में आए लड़के ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।




# लड़की की निर्मम हत्या

दोपहर संवाददाता । पालघर

नवी मुंबई। नवी मुंबई के उरण इलाके से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। उरण-पनवेल हाईवे पर एक 22 वर्षीय महिला का शव मिला है। पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या की गयी है। मृत लड़की का नाम यशश्री शिंदे है और उसकी छाती और शरीर पर गंभीर चोटें पाई गई हैं। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत युवती यशश्री शिंदे पिछले दो दिनों से लापता थी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने लड़की के शव को हाईवे से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए उरण के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। उसके परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है।




## उरण-पनवेल हाईवे पर मिला शव

यशश्री का शव शनिवार (27 जुलाई) सुबह उरण-पनवेल हाईवे पर सड़क के पास मिला। पुलिस को आशंका है कि प्रेम प्रसंग के चलते उसकी हत्या की गयी है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि हत्या करने वाले आरोपी ने यशश्री की छाती और शरीर पर चाकू से वार किया।

## परिजनों का आरोप

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इस बीच यशश्री के परिवार ने आरोप लगाया है कि हमारी बेटी को मारने वाला आरोपी मुस्लिम है। उन्होंने पुलिस से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर मौत की सजा देने की भी मांग की है।

दो बजे
दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





# बीजेपी पर शरद पवार का करारा प्रहार

## अमित शाह को बताया 'तड़ीपार'

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को तड़ीपार नेता कह दिया। इससे पूरी बीजेपी बौखला गई है। पवार की टिप्पणी के जवाब में महाराष्ट्र की महायुति सरकार में मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील और बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने पवार की आलोचना की है। दरअसल, अमित शाह बीते रविवार को बीजेपी के राज्य स्तरीय चिंतन शिबिर में पवार पर जोरदार हमला बोला था। पुणे के बालेवाड़ी में आयोजित उस सम्मेलन में शाह ने पवार को भ्रष्टाचारियों का सरदार कहते हुए उ पर भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाने का आरोप लगाया था।

### 6 दिनों के बाद मुंहतोड़ जवाब

शाह के आरोपों का पवार ने लगभग 6 दिनों के बाद शनिवार को मुंहतोड़ जवाब दिया। पवार ने शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जिस शाह को उसके अपने राज्य (गुजरात) से देश की सुप्रीम कोर्ट ने तडीपार किया था, वो देश के गृह मंत्री बन गए हैं। पवार ने अमित शाह के निर्वासन के दिनों की यादों को ताजा करते हुए कहा कि 'जिस व्यक्ति को निर्वासित किया गया था, वो आज देश का गृह मंत्री है। वह देश को गलत दिशा में लेकर जा रहे हैं। हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। गौरतलब हो अमित शाह को वर्ष 2010 में सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर मामले में दो साल के लिए राज्य से निर्वासित किया गया था। हालांकि बाद में साल 2014 में उन्हें इस मामले से बरी कर दिया गया था।

### बावनकुले के खींचे कान



इस दौरान पवार ने अमित शाह को लेकर बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के भी कान खींचे। शाह को तडीपार नेता कहे जाने पर बावनकुले ने कहा था कि अमित शाह की आलोचना करना, मतलब सूरज को दीपक दिखाने जैसी बात है। बावनकुले की उक्त टिप्पणी का पवार ने चुटीले अंदाज में जवाब देते हुए कहा कि हम ने उस सूरज को महाराष्ट्र की जेल में देखा था।

### 'मैं अपनी उंगली बचा कर रखता हूं'

छत्रपति संभाजी नगर में एक कार्यक्रम में आए पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगभग साल भर पहले दिए गए उस बयान का भी अपनी खास शैली में जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा था कि शरद पवार मेरे गुरु हैं और मैं पवार की उंगली पकड़ कर ही राजनीति में आया हूं। इस पर पवार ने कहा कि मोदी के उस बयान के बाद से मैं अपनी उंगली बचाकर रखता हूं।



### लाडली बहन योजना पर कसा तंज

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली महायुति सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहन योजना को उन्होंने कहा कि सरकार की ये अस्थायी स्वरूप की योजना है। राज्य सरकार का खजाना खाली है। असल में चुनाव से पहले इसकी घोषणा की गई है और यह लोगों को एक या दो किश्त का भुगतान करके चुनाव में अपनी ओर करने का प्रयास भर है।

### मराठा ओबीसी को साथ बैठाएं




मराठा समाज को ओबीसी कोटे से आरक्षण के संबंध में अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए पवार ने कहा कि मराठा और ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों को साथ बैठाकर सुसंवाद के जरिए इस विवाद का हल ढूंढा जाना चाहिए। आरक्षण विवाद के कारण मराठा और ओबीसी और मराठा समाज के बीच बढ़ती वैमनस्यता पर चिंता जताते हुए पवार ने कहा कि मैं इससे बेहद दुखी हूं। मराठवाडा के दो-तीन गांवों में हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की समस्या है, महाराष्ट्र में ही इसका हल ढूंढना होगा। संसद के सत्र के बाद इस पर मार्ग निकालना होगा। मनोज जरांगे और हाके सहित तमाम नेताओं को साथ लेकर बैठक करें। हमें भी बुलाएं।

### विखे पाटिल ने दिया पवार को तीखा जवाब



तो वहीं पवार के शाह को तडीपार नेता कहे जाने पर राधाकृष्ण विखे पाटील ने कहा कि पवार वरिष्ठ नेता हैं। उनके द्वारा ऐसी टिप्पणी उचित नहीं है। पाटिल ने पवार को याद दिलाया कि उनके खिलाफ भी बम ब्लास्ट के आरोपियों को प्लेन से लेकर आने का आरोप था। तो क्या हम इसी तरह की राजनीति करते रहें?

न्यूज़ ब्रीफ

## बोरीवली और भायंदर स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन ब्लॉक



दोपहर संवाददाता | मुंबई

रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार व रविवार 27/28 जुलाई 2024 की मध्यरात्रि को बोरीवली और भायंदर स्टेशनों के बीच 00.00 बजे से 04.35 बजे तक अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान अप धीमी लाइन की सभी ट्रेनें विरार, वसई रोड से बोरीवली व गोरेगांव के बीच अप फास्ट लाइनों पर संचालित की जाएंगी तथा विरार की ओर जाने वाली सभी डाउन धीमी ट्रेनें गोरेगांव से वसई रोड, विरार स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर संचालित की जाएंगी। इसके फलस्वरूप पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर रविवार, 28 जुलाई 2024 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टर के कार्यालय में उपलब्ध है।

# गुजरात में चलती है औरंगाबाद फैन क्लब की हुकूमत: राउत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी के फैन क्लब(प्रशंसकों) की हुकूमत महाराष्ट्र में चलती है जबकि औरंगाबाद फैन क्लब की हुकूमत गुजरात में चलती है। जहां मुगल बादशाह का जन्म हुआ था। संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग उनकी पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे से ठीक उसी तरह प्यार करते हैं। जैसे वे उनके पिता और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे से करते थे। संजय राउत ने हमला बोलते हुए कहा कि गुजरात से औरंगजेब के मित्र शिवसेना को खत्म नहीं कर सकते।

### संजय राउत का ऐसा बयान क्यों?



राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि शिवसेना का जन्म मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह छत्रपति शिवाजी महाराज का महाराष्ट्र है। यहां शिवाजी फैन क्लब का शासन चलता है। बीजेपी और गुजरात में औरंगजेब फैन क्लब का शासन चलता है। क्योंकि औरंगजेब का जन्म वहीं (गुजरात में) हुआ था। राउत की टिप्पणी हाल में पुणे में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राज्य सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिए गए बयान के बाद आई है।

### अमित शाह ने क्या कहा था?

दरअसल अमित शाह ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया था और कहा था कि वह 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। शाह ने कहा था कि औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकवादी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं। जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं। जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव ठाकरे को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए।

## प्रदीप मुखर्जी ने किया पुस्तक 'परमात्मांचा संदेश' का विमोचन



**मुंबई/अहमदाबाद।** इंग्लिश की मशहूर पुस्तक ₹परमात्मांचा संदेश₹, जो 'Message From God' का मराठी अनुवाद है, का विमोचन अहमदाबाद में इसके लेखक प्रदीप मुखर्जी, और फाल्गुनी पाठक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदीप सर ने साझा किया कि यह पुस्तक सच्चे परमात्मा के बारे में जानकारी देती है और जो मानव पर खुद को भगवान के रूप में थोप रहा है, उसके बारे में भी बताती है। झूठा भगवान वास्तव में इस ब्रह्मांड का राजा है, जिसे परमात्मा के राज्य से निकाला गया था। पुस्तक 'परमात्मांचा संदेश' बताती है कि यह राजा ही है जिसने हर धर्म और आध्यात्मिकता का निर्माण किया है, ताकि जब परमात्मा मानवों के पास आएं तो वे परमात्मा के पास न जाएं। परमात्मा इस ब्रह्मांड में नहीं थे । वह 2015 में आए और उनका किसी भी धर्म और आध्यात्मिकता से, या मानवों के साथ हो रही किसी भी चीज़ से कोई संबंध नहीं है," प्रदीप सर ने जोर देते हुए कहा कि मानवता के पास अब परमात्मा के साथ सचेत रूप से रहने का अवसर है।

# विधानसभा चुनाव के लिए MVA में घमासान

## नासिक की 6 सीटों पर उद्धव ठाकरे गुट का दावा

**मुंबई/नासिक।** राज्य में लोकसभा चुनाव में भारी सफलता हासिल करने के बाद महाविकास अघाड़ी विधानसभा चुनाव की जोरदार तैयारी कर रही है। महाविकास अघाड़ी (MVA) की पार्टियां विधानसभा चुनाव में नासिक जिले के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों पर कब्जा करने की रणनीति बना रही हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार और प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने नासिक के विधानसभा क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। अब इसके बाद शिवसेना ठाकरे गुट नासिक की सीटों को परख रहा है। नासिक में कुल 15 विधानसभा क्षेत्र हैं। निर्वाचन क्षेत्रों में नासिक पूर्व, नासिक मध्य, नासिक पश्चिम, देवलाली, इगतपुरी, सिन्नर, मालेगांव मध्य, मालेगांव बाहरी, नांदगांव, येवला, बागलाण, कलवण, दिंडोरी, निफाड, चांदवड शामिल हैं।

### किसके पास कितनी सीटें




फिलहाल नासिक जिले में राकांपा अजित पवार गुट के 6 विधायक हैं। इसके बाद भाजपा के 5 विधायक, शिवसेना शिंदे गुट के 2 विधायक और कांग्रेस और एमआईएम के एक-एक विधायक हैं। नासिक में शिवसेना के 2 विधायक थे लेकिन दोनों विधायकों ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया और एकनाथ शिंदे के बेडे में सवार हो गए। इसलिए नासिक सीट जीतने के लिए शिवसेना ठाकरे समूह ने नया कदम उठाना शुरू कर दिया है।

### 6 सीटों पर ठाकरे गुट का दावा

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट नासिक में परीक्षण कर रहा है। येवला, मालेगांव आउटर, नासिक पश्चिम, नासिक पूर्व, नासिक सेंट्रल, इगतपुरी, सिन्नर निर्वाचन क्षेत्रों में शिवसेना मजबूत है और ऐसी जानकारी है कि उद्धव ठाकरे नासिक जिले में 5 से 6 सीटों पर दावा करेंगे। ठाकरे गुट के नेता रवींद्र मिरलेकर नासिक में विधानसभावार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। नासिक जिले के सभी 15 विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा ठाकरे समूह द्वारा की जाएगी।

## कोचिंग टीचर ने ऐप के माध्यम से लगाया करोड़ों का चूना




### 700 से अधिक लोग हुए ठगी के शिकार

**मुंबई।** मुंबई में कोचिंग क्लासेस के सहारे बच्चों के अभिभावकों का फंसाने और उनके साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पहले महिला आरोपी ने कोचिंग क्लासेस के सहारे बच्चों के अभिभावकों का विश्वास हासिल और उन्हें एक एप के माध्यम से निवेश करने पर अधिक मुनाफे का लालच दिया। इस मामले में शिकायत के बाद ठगी करने वाली महिला को नवघर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कोचिंग टीचर का नाम मोनिका भौमिक है और वह भायंदर पूर्व के इंद्रलोक फेस 6 में वेदांत कोचिंग क्लासेस चलाती है। इस ठगी के तार और भी लोगों से जुड़े होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। ठगी के शिकार हुए ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों द्वारा विधायक गीता जैन से मदद की गुहार लगाने पर उनकी पहल से नवघर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत टीचर मोनिका भौमिक और उसके सहयोगी मितुल कलावाड़िया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। बीएमसी में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत शिकायतकर्ता महेश मेघजी चावड़ा ने पुलिस को बताया है कि उनके बच्चे पिछले 3 वर्षों से मोनिका के वेदांत कोचिंग क्लासेस में ट्यूशन पढ़ रहे थे। इस दौरान उनसे अच्छी जान पहचान हो गई थी।

# अजित पवार को बड़ा झटका

## बाबाजानी दुर्रानी शरद पवार गुट में शामिल

दोपहर संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से अजीत पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। एनसीपी (अजित गुट) के बड़े मुस्लिम चेहरे बाबाजानी दुररानी शरद पवार गुट वाली एनसीपी में शामिल हो गए हैं। दुररानी ने शुक्रवार को संभाजीनगर दौरे के दौरान शरद पवार से मुलाकात की थी। आज उन्होंने शरद पवार की उपस्थिति में एनसीपी (शरद गुट) में शामिल हुए।

### अजीत पवार पर लगाया ये आरोप

दुर्रानी ने कहा कि अजित गुट विपरीत विचारधारा के साथ खड़ी है। दुर्रानी ने एनसीपी छोड़ने का कारण भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ वैचारिक मतभेद बताया। दुर्रानी ने कहा कि वैचारिक रूप से एनसीपी बीजेपी और शिवसेना के साथ तालमेल नहीं रखती है, जिससे समायोजन मुश्किल हो जाता है।

### पथरी से टिकट मिलने की संभावना

इससे पहले शुक्रवार को दुर्रानी के बेटे जुनैद ने परभणी में राकांपा (शरद गुट) अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ एक बैठक में भाग लिया, जिसमें उन्होंने पथरी से अपने पिता के लिए चुनावी टिकट की मांग की। पाटिल ने उन्हें एमवीए भागीदारों के साथ इस मामले पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। जुनैद ने शरद पवार की प्रशंसा की और शारीरिक अलगाव के बावजूद उनकी निरंतर वफादारी पर जोर दिया। बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी एनडीए पर भारी बड़ी थी और ज्यादा सीटें जीती। शरद पवार गुट की एनसीपी कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी। जबकि अजीत पवार गुट की एनसीपी बीजेपी और एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना के साथ चुनाव लड़ेगी।

## राहुल गांधी ने उद्धव ठाकरे के 64वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं



दोपहर संवाददाता | मुंबई

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे को शनिवार को उनके 64वें जन्मदिन पर बधाई दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल ने 'एक्स' पर कहा, ''जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई उद्धव ठाकरे जी। महाराष्ट्र के विकास और हर हिंदुस्तानी के लिए न्याय की लड़ाई हम मिलकर लड़ेंगे।''

### कार्यकर्ता और नेता 'मातोश्री' पहुंचे

मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता और नेता शहर के बांद्रा इलाके में स्थित ठाकरे के आवास 'मातोश्री' पहुंचे और ठाकरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने ठाकरे को उनके 64वें जन्मदिन पर बधाई देने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में बैनर लगाए। उन्होंने इस अवसर पर 'मातोश्री' में केक भी काटा। शरद पवार और उनकी बेटी एवं राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भी ठाकरे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# चेरापूंजी है खूबसूरती की पूंजी



मानसून के दौरान चेरापूंजी की यात्रा एक जादुई अनुभव है। यह भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्से, मेघालय राज्य में स्थित है। चेरापूंजी अपने भारी वर्षा के लिए प्रसिद्ध है और यह दुनिया के सबसे गीले स्थानों में से एक है। जून से सितंबर तक चलने वाला मानसून इस जगह को एक हरे-भरे स्वर्ग में बदल देता है। चेरापूंजी की यात्रा स्वयं में मनमोहक होती है। सड़कें घने जंगलों से ढकी पहाड़ियों के बीच से गुजरती हैं। धुंध और बादल अक्सर नीचे तक लटके रहते हैं, जो एक रहस्यमय माहौल बनाते हैं। रास्ते में छोटे झरने और नदियाँ दिखाई देती हैं, जो आपके सामने आने वाली सुंदरता की एक झलक देती हैं।



## झरने

चेरापूंजी पहुँचते ही झरनों, चट्टानों और गहरे घाटियों से घिरा दृश्य आपका स्वागत करता है। मानसून के दौरान ये झरने अपनी पूरी सुंदरता में होते हैं और इन्हें देखना अनिवार्य है।

**नोहकलिकाई झरना:** यह भारत का सबसे ऊँचा प्लंज झरना है। मानसून के दौरान, यह झरना अपनी पूरी महिमा में होता है, जिसमें पानी अत्यधिक बल से नीचे गिरता है। 1,115 फीट की ऊँचाई से गिरता हुआ यह झरना अत्यंत प्रेरणादायक दृश्य प्रस्तुत करता है।

**सेवन सिस्टर्स वाटरफॉल्स:** यह सात झरनों की श्रृंखला है, जिसे मानसून के दौरान सबसे अच्छे से देखा जा सकता है जब वे सबसे शक्तिशाली होते हैं। लुकआउट पॉइंट से दृश्य अद्भुत होता है, जिसमें पानी हरे-भरे चट्टानों से नीचे गिरता है और एक तस्वीर-पुस्तक जैसा दृश्य बनाता है।

**दैन-थलेन झरना:** एक पौराणिक साँप के नाम पर यह झरना मानसून के दौरान एक अनोखी सुंदरता प्रदान करता है। आसपास का क्षेत्र पिकनिक के लिए उत्तम है और वर्षा-भीगे परिदृश्य में झरने का दृश्य मंत्रमुग्ध कर देने वाला है।

**काइनरेम झरना:** थांगखारंग पार्क में स्थित, यह तीन-स्तरीय झरना मानसून के दौरान देखने लायक होता है। झरने हरे-भरे वनस्पति से घिरे होते हैं, जो इसे प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं।



## लिविंग रूट ब्रिज

चेरापूंजी अपने जीवित जड़ पुलों के लिए भी जाना जाता है। ये पुल क्षेत्र के लिए अद्वितीय हैं और रबर के पेड़ों की जड़ों को नदियों और नालों के पार मार्गदर्शन करके बनाए जाते हैं।

**डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज:** इनमें सबसे प्रसिद्ध नोंग्रियात गाँव में स्थित डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज है। इस पुल तक का ट्रेक अपने आप में एक साहसिक कार्य है, जो आपको घने जंगलों और साफ-सुथरी नदियों के पार ले जाता है। जड़ों से बना यह पुल बायोइंजीनियरिंग का एक चमत्कार है और स्थानीय खासी लोगों की बुद्धिमता का प्रमाण है।

**सिंगल रूट ब्रिज:** ये चेरापूंजी के आसपास के विभिन्न गांवों में पाए जाते हैं। प्रत्येक पुल का अपना आकर्षण होता है और यह स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक पेश करता है। इन पुलों तक का ट्रेक अक्सर आपको मनमोहक रास्तों से होकर ले जाता है।

## वनस्पति और जीव-जंतु

मानसून स्थानीय वनस्पति और जीव-जंतु को अपनी पूरी भव्यता में ले आता है। इस क्षेत्र में कई दुर्लभ और विदेशी पौधे पाए जाते हैं, जिनमें ऑर्किड और पिचर पौधे शामिल हैं। पक्षी प्रेमियों को यहां विभिन्न प्रकार के पक्षी देखने को मिलेंगे, जिनमें खूबसूरत हॉर्नबिल भी शामिल हैं।

**मवफलांग पवित्र वन:** चेरापूंजी से थोड़ी ड्राइव की दूरी पर, यह वन जैव विविधता का एक प्रमुख केंद्र है। घने पत्ते और प्राचीन पेड़ एक शांत वातावरण बनाते हैं। माना जाता है कि यह वन पवित्र है और स्थानीय रीति-रिवाजों द्वारा संरक्षित है।

**सिजू गुफा:** जिसे बैट गुफा के रूप में जाना जाता है, यह भारत की सबसे लंबी गुफाओं में से एक है। मानसून के दौरान, गुफा पानी की बूंदों के साथ और अधिक रहस्यमय हो जाती है, जो एक अजीब लेकिन आकर्षक वातावरण बनाती है।

## स्थानीय भोजन

चेरापूंजी में रहते हुए, स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखना न भूलें। यहां का खाना साधारण लेकिन स्वादिष्ट होता है, जिसमें ताजे, स्थानीय स्रोतों से प्राप्त सामग्री पर जोर दिया जाता है।

**जादोह:** चावल और मांस का व्यंजन, जिसे अक्सर सूअर के मांस और पारंपरिक मसालों के साथ बनाया जाता है। यह खासी आहार का एक मुख्य भोजन है और इसे मसालेदार चटनी के साथ सबसे अच्छा आनंद लिया जाता है।

**पुमालोई:** एक स्टीम्ड चावल का व्यंजन जो अक्सर मांस या सब्जी की करी के साथ परोसा जाता है। यह हल्का और फुला हुआ होता है, जिससे यह समृद्ध और स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों के लिए एक उत्तम पूरक बन जाता है।

## यात्रा युक्तियाँ

मानसून के दौरान चेरापूंजी की यात्रा के लिए कुछ तैयारी की आवश्यकता होती है। भारी बारिश सड़कों को फिसलन भरी और कभी-कभी अवरुद्ध बना सकती है। वाटरप्रूफ कपड़े और मजबूत जूते ले जाना महत्वपूर्ण है। चुनौतियों के बावजूद, चेरापूंजी को उसकी बारिश से भरी सुंदरता में देखना एक अद्भुत अनुभव है।

**पैकिंग:** सुनिश्चित करें कि आप वाटरप्रूफ जैकेट, छाते और मजबूत हाइकिंग बूट्स पैक करें। मौसम अप्रत्याशित हो सकता है, इसलिए अचानक बारिश के लिए तैयार रहना सबसे अच्छा है।

**स्वास्थ्य:** बुनियादी दवाएं और एक प्राथमिक चिकित्सा किट साथ रखें। गीला मौसम कभी-कभी सर्दी या अन्य मामूली बीमारियों का कारण बन सकता है।

**परिवहन:** अपनी यात्रा पहले से योजना बनाएं, खासकर यदि आप सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं। भूस्खलन के कारण सड़कें प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए लचीली यात्रा योजना रखना सहायक हो सकता है।

# कांदा भजी रेसिपी



**सामग्री:**

1. 2 बड़े प्याज (पतले लच्छे में कटे हुए)
2. 1 कप बेसन (चने का आटा)
3. 2-3 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई)
4. 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
5. 1/2 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
6. 1 छोटा चम्मच जीरा
7. 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन
8. 1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला
9. नमक स्वादानुसार
10. चुटकी भर हींग
11. 2 बड़े चम्मच हरा धनिया (बारीक कटा हुआ)
12. पानी (आवश्यकतानुसार)
13. तलने के लिए तेल

**विधि:**

- **तैयारी:** सबसे पहले प्याज को पतले लच्छे में काट लें और एक बड़े बर्तन में रख लें। इसमें हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाएं।
- **मिश्रण बनाएं:** अब इस मिश्रण में बेसन, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, जीरा, अजवाइन, गरम मसाला, हींग और नमक डालें। सभी सामग्री को अच्छे से मिलाएं ताकि प्याज पर बेसन और मसाले अच्छी तरह चढ़ जाएं।
- **पानी डालें:** अब इस मिश्रण में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर गाढ़ा घोल तैयार करें। ध्यान रहे कि घोल ज्यादा पतला न हो, बस इतना हो कि सब सामग्री एक साथ बंध जाएं।
- **तलने की तैयारी:** एक कढ़ाई में तेल गरम करें। तेल मध्यम आंच पर गरम होना चाहिए ताकि भजिया अच्छे से पकें और क्रिस्पी बनें।
- **भजिया तलें:** जब तेल गरम हो जाए, तो प्याज के मिश्रण से छोटे-छोटे हिस्से लेकर तेल में डालें। भजिया को गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक तलें।
- **सर्व करें:** तले हुए भजिया को टिश्यू पेपर पर निकाल लें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। गरमा-गरम कांदा भजिया को चाय या हरी चटनी के साथ परोसें। कांदा भजिया मानसून के मौसम में बहुत ही स्वादिष्ट लगती है। इसे बनाना भी बेहद आसान है और यह झटपट तैयार हो जाती है।

# समय-समय पर बदलते रहें टूथब्रश



अपने टूथब्रश को नियमित रूप से बदलना अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ बताया गया है कि आपको ऐसा क्यों और कैसे करना चाहिए:

## अपना टूथब्रश क्यों बदलें?

**• बैक्टीरिया के निर्माण को रोकें:** समय के साथ, आपके टूथब्रश पर बैक्टीरिया जमा हो सकते हैं, जो आपके मुँह में कीटाणु फैला सकते हैं। नियमित रूप से अपना टूथब्रश बदलने से इन बैक्टीरिया को दूर रखने में मदद मिलती है।

**• प्रभावी सफाई सुनिश्चित करें:** टूथब्रश के ब्रिस्टल समय के साथ घिस जाते हैं और कम प्रभावी हो जाते हैं। एक नया टूथब्रश सुनिश्चित करता है कि आप अपने दाँतों को ठीक से ब्रश कर रहे हैं और प्लाक को प्रभावी ढंग से हटा रहे हैं।

**• मसूड़ों की समस्याओं से बचें:** घिसे हुए ब्रिस्टल मसूड़ों में जलन और क्षति का कारण बन सकते हैं। एक नया टूथब्रश आपके मसूड़ों पर कोमल होता है और मसूड़े की सूजन जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करता है।

## अपना टूथब्रश कब बदलें

- **हर 3-4 महीने:** डेंटिस्ट हर तीन से चार महीने में अपना टूथब्रश बदलने की सलाह देते हैं। यह वह समय होता है जब ब्रिसल्स आमतौर पर घिसने लगते हैं और अपनी प्रभावशीलता खो देते हैं।
- **बीमारी के बाद:** अगर आप बीमार हो गए हैं, खास तौर पर फ्लू या सर्दी जैसी किसी संक्रामक बीमारी से, तो ठीक होने के बाद दोबारा संक्रमण से बचने के लिए अपना टूथब्रश बदलना एक अच्छा विचार है।
- **जब ब्रिसल्स घिस गए हों:** अगर आप देखते हैं कि ब्रिसल्स घिस गए हैं या फैल गए हैं, तो अपने टूथब्रश को बदलने का समय आ गया है, भले ही इसे इस्तेमाल हुए तीन महीने भी न हुए हों।

अपने टूथब्रश को नियमित रूप से अपडेट करके, आप बेहतर मौखिक स्वच्छता और समग्र दंत स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हैं। यह एक स्वस्थ मुस्कान बनाए रखने का एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**वृष:** परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन:** भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

**कर्क:** जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**सिंह:** आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी।

**कन्या:** नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी।

**तुला:** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

**वृश्चिक:** यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें।

**धनु:** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं।

**मकर:** निवेश करने का समय नहीं है। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है, धैर्य रखें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ:** सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा।

**मीन:** थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

# सुखी एवं सफल जीवन के लिए घरेलू उपाय





प्रियंका जैन
9769994439

अगर आपको कहीं पर भी थूकने की आदत है तो यह निश्चित है कि आपको यश, सम्मान अगर मुश्किल से मिल भी जाता है तो कभी टिकेगा ही नहीं। वाश बेसिन में ही यह काम कर आया करें।यश,मान-सम्मान में अभिवृध्दि होगी। जिन लोगों को अपनी जूठी थाली या बर्तन वहीं उसी जगह पर छोड़ने की आदत होती है उनको सफलता कभी भी स्थायी रूप से नहीं मिलती हैं। जिंदगी में बहुत मेहनत करनी पड़ती है और ऐसे लोग अच्छा नाम नहीं कमा पाते हैं। अगर आप अपने जूठे बर्तनों को उठाकर उनकी सही जगह पर रख आते हैं तो चन्द्रमा और शनि का आप सम्मान करते हैं। इससे मानसिक शांति बढ़ कर जिंदगी कि बहुत सारी अड़चनें दूर होती हैं। जब भी हमारे घर पर कोई भी बाहर से आये, चाहे मेहमान हो या कोई काम करने वाला, उसे स्वच्छ पानी ज़रुर पिलाएं।ऐसा करने से हम राहु का सम्मान करते हैं। जो लोग बाहर से आने वाले लोगों को हमेशा स्वच्छ पानी पिलाते हैं उनके घर में कभी भी राहु का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता हैं।अचानक आ पड़ने वाले कष्ट-संकट नहीं आते हैं। घर के पौधे आपके अपने परिवार के सदस्यों जैसे ही होते हैं, उन्हें भी प्यार और थोड़ी देखभाल की जरुरत होती है। अगर हम सुबह-शाम पौधों को पानी देते है तो हम ऐसा कर के बुध, सूर्य और चन्द्रमा का सम्मान करते हैं,फ्लस्वरुप हम में परेशानियों का डटकर सामना कर पाने का सामर्थ्य आ पाता है। परेशानियां दूर होकर सुकून आता है। जिनकी जन्मकुंडली में बुध आत्मकारक ग्रह हों उन्हें पेड़ पौधों क़ो नहीं काटना चाहिए।

जो लोग नियमित रूप से पौधों को पानी देते हैं, उन लोगों को डिप्रेशन , एंग्जायटी जैसी परेशानियां नहीं पकड़ पातीं हैं। जो लोग बाहर से आकर अपने चप्पल, जूते, मोज़े इधर-उधर फैंक देते हैं, उन्हें उनके शत्रु बड़ा परेशान करते हैं। इससे बचने के लिए अपने चप्पल-जूते करीने से लगाकर रखें,इससे आपकी प्रतिष्ठा बनी रहेगी। उन लोगों का राहु और शनि खराब होगा,जो लोग जब भी अपना बिस्तर छोड़ेंगे तो उनका बिस्तर हमेशा फैला हुआ होगा, सिलवटें ज्यादा होंगी,चादर कहीं, तकिया कहीं,कम्बल कहीं ? उस पर ऐसे लोग अपने पुराने पहने हुए कपडे. तक फैला कर रखते हैं। ऐसे लोगों की पूरी दिनचर्या कभी भी व्यवस्थित नहीं रहती, जिसकी वजह से वे खुद भी परेशान रहते हैं और दूसरों को भी परेशान करते हैं। इससे बचने के लिए उठते ही स्वयं अपना बिस्तर समेट दें। जीवन आश्चर्यजनक रूप से सुंदर होता चला जायेगा।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस के दोषी को चार माह की सजा और 70 हजार जुर्माना

**रांची।** ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट दिव्या राघव की अदालत ने शनिवार को चेक बाउंस के दोषी अर्जुन प्रसाद यादव को चार महीने की सजा और 70 हजार का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अर्जुन ने चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। अर्जुन प्रसाद यादव ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 50 हजार का चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

### मुंबई पुलिस ने शटरकटवा गैंग के शातिर को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र से 53 लाख के मोबाइल चोरी मामले में मुंबई पुलिस ने शटर कटवा गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 19 जून को मुंबई के भाडुंप थाना क्षेत्र के एक आईफोन शो रूम से 58 मोबाइल की चोरी की गई थी,जिसकी कीमत 53 लाख रुपये बतायी गयी है। सीसीटीवी जांच और अनुसंधान में मुंबई पुलिस को यह पता चला कि चोरी इस घटना में मोतिहारी के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के दर्जी मोहल्ला निवासी रेयाज आलम भी शामिल था।जिसके बाद मुंबई पुलिस के एसआई अभिजीत टेकवरे के नेतृत्व में मुंबई पुलिस की पांच सदस्यीय टीम घोड़ासहन पहुंची और स्थानीय थाना के सहयोग से छापेमारी करते हुए रेयाज को दर्जी मोहल्ला में स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### मादक पदार्थ तस्करी में फरार 15 हजार का इनामी गिरफ्तार



जोधपुर। जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी शेरगढ़ पुलिस ने की है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि शेरगढ़ के एनडीपीएस एक्ट में फरार वांछित 15 हजार का इनामी अभियुक्त पृथ्वीराज पुत्र हेमाराम विश्नोई निवासी रावर कारपड़ा को दस्तयाब करने के साथ अब गिरफ्तार कर लिया गया है। वह काफी समय से फरार चला आ रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एएसपी भोपाल सिंह लखावत, जयदेव सियाग (एसआईसीएडब्ल्यू) जोधपुर ग्रामीण के सुपरविजन में एवं उपाधीक्षक रतन सिंह के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया था।

# बीमार बेटी का नहीं करा सका इलाज तो पिता ने कर दी हत्या

### आरोपी हुआ गिरफ्तार

एजेंसी । गुमला

गुमला जिला से 20 किमी दूर कोटाम पतगच्छा गांव में गरीबी के कारण एक पिता ने अपनी बीमार नौ वर्षीय बेटी की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। बेटी दिव्यांग और मानसिक रूप से बीमार थी। इलाज कराने के लिए पिता के पास पैसे नहीं थे। पत्नी भी कुछ साल पहले मुंबई भाग गयी। ऐसे में पिता को जब कोई दूसरा रास्ता नहीं सूझा तो उसने अपनी बेटी को ही मौत के घार उतार दिया।



### एक अन्य बेटे की भी थी परवरिश की जिम्मेदारी

उन्हें अपनी बेटी के साथ अपने एक बेटे की भी जिम्मेदारी उठानी थी। लेकिन उस लाचार पिता मजबूरी ऐसी थी कि उन्होंने अपनी बेटी को ही मार दिया। पुलिस ने आरोपी पिता सरजू लोहरा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, ग्रामीणों के सहयोग से कुएं में फेंके गये बेटी काजल कुमारी के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### पहले कुदाल से काटा, फिर शव को कुएं में फेंक दिया

कतरी पंचायत के पतगच्छा गांव में सरजू लोहरा ने अपनी नौ वर्षीय बेटी काजल कुमारी की शुक्रवार की शाम को कुदाल से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गांव के ही रहने वाले मंडल महतो के कुआं में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सरजू लोहरा खुद अपने रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि उसने अपनी बेटी की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया है। इधर, शनिवार की सुबह को घटना की सूचना कोटाम पुलिस पिकेट व गुमला थाना को मिली। इसके बाद कोटाम पिकेट प्रभारी मनोरंजन शर्मा व एसआई विवेक पुलिस बल के साथ पतगच्छा गांव पहुंचे। जहां कुएं से मृत बच्ची के शव को निकाला गया। जबकि आरोपी पिता सरजू लोहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### क्या कहते हैं आरोपी पिता ?

आरोपी सरजू लोहरा ने बताया कि मैं गरीबी के कारण अपनी बेटी का इलाज कराने में असमर्थ था। मेरे पास कोई दूसरा उपाय नहीं था। इसलिए मैंने अपनी बेटी की हत्या कर दी। हालांकि, बेटी की हत्या करने के बाद वह काफी दुखी था। वह अपने किये पर अफसोस कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी मुंबई में रहती है और मृत बच्ची काजल कुमारी अपाहिज और थोड़ा मंदबुद्धि थी। जिसका पालन पोषण करने में वह असमर्थ था। इस कारण से उसने घटना को अंजाम दिया।

# गोवा के तर्ज पर प्रयागराज में भी चलेगा डबल डेकर क्रूज

▶▶ खाने-पीने की भी होगी व्यवस्था

एजेंसी । प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज में गोवा की तर्ज पर जल्द ही डबल डेकर क्रूज चलेगा। इस पर देशी और विदेशी सैलानी गंगा-यमुना की लहरों पर पर्यटन का लुत्फ ले सकेंगे। दरअसल जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने डबल डेकर क्रूज के लिए टेंडर भी जारी कर दिया है।

### इस डबल डेकर क्रूज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध



इस डबल डेकर क्रूज पर सभी सुविधाएं होंगी। जानकारी के मुताबिक इस आराम के लिए कुर्सियां और गद्दे होंगे। साथ ही खाने-पीने का भी इंतजाम होगा। संगट तट आने वाले सैलानी चाहे वह देशी हो या विदेशी, इस क्रूज की बुकिंग करा सकेंगे। यह 40 लोगों की क्षमता वाला होगा। खास बात यह है कि इसकी बुकिंग सुबह से शाम तक और शाम से सुबह तक हो सकेगी। अपने परिवार या दोस्तों के साथ यादगार पार्टी कराना चाहते हैं तो इस क्रूज को बुक करा सकते हैं। दरअसल मेला प्राधिकरण की शर्त है कि इस क्रूज में एक किचन होना चाहिए। जिससे भोजना और नाश्ते की सुविधा उपलब्ध हो।

### अगस्त में खुलेगा टेंडर

डबल डेकर क्रूज के लिए टेंडर छह अगस्त से खुलेगा। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि उनका प्रयास है कि पर्यटक गोवा और वाराणसी की तर्ज पर प्रयागराज में भी जल पर्यटन का लुत्फ ले सकें।

# ब्लाउज और सूट की गलत फिटिंग की लड़ाई 'कोर्ट' तक आई

**नोएडा।** एक महिला ने अपने भतीजे की शादी में पहनने के लिए ब्लाउज और सूट सिलने के लिए बुटीक सेंटर पर दिया था, लेकिन बुटीक संचालक द्वारा ड्रेस का डिजाइन गलत सिल दिया गया। महिला द्वारा बुटीक संचालक से इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन उसने इसे अनदेखा कर कोई जवाब नहीं दिया। मजबूर होकर महिला को दूसरी ड्रेस पहनकर भतीजे की शादी में जाना पड़ा। पीड़ित महिला पेशे से एक इंटीरियर डिजाइनर है।

### उपभोक्ता आयोग में याचिका दायर



इस घटना से आहत होकर महिला ने शादी से लौटकर बुटीक संचालक के खिलाफ उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर दिया। इस मामले में उपभोक्ता आयोग ने 11 महीने बाद अब महिला के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग द्वारा बुटीक संचालक को याचिकाकर्ता महिला को 10 हजार रुपये छह फीसदी ब्याज के साथ लौट के आदेश दिए हैं।

### क्या है मामला ?

दरअसल, नोएडा की रहने वाली एक इंटीरियर डिजाइनर दीपिका दुबे ने नोएडा सेक्टर-121 में फरहान फैंसी बुटीक पर अगस्त 2023 में अपने भतीजे की शादी में जाने के लिए तीन ब्लाउज और एक सूट सिलाई के लिए दिए थे। इसके लिए महिला द्वारा बुटीक संचालक को 5 हजार का भुगतान भी किया गया था। महिला का कहना है कि जब बुटीक संचालक द्वारा उनकी ड्रेस सिलकर वापस दी गई तो उन्हें ठीक कपड़े नहीं मिले। महिला का आरोप था कि सूट की सिलाई गलत और ब्लाउज की फिटिंग सही नहीं थी। साथ ही ब्लाउज के गले का डिजाइन भी गलत बनाया हुआ था। बुटीक संचालक से जब महिला ने इस बात की शिकायत की तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद महिला दूसरी ड्रेस पहन कर शादी समारोह में शामिल हुई। इसके बाद महिला ने बुटीक संचालक के विरुद्ध उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर दिया। अब आयोग ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए बुटीक संचालक को 10 हजार रुपये छह फीसदी ब्याज के साथ लौटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही 3 हजार रुपये मानसिक पीड़ा के लिए भी देने होंगे।

### सत्ता में आते ही 24 घंटे में रद्द होगी अग्निवीर योजनाः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए एक्स पर लिखा कि सत्ता में आते ही 24 घंटे में देश के सुरक्षा से समझौता करने वाली और सैनिकों के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाली अल्पकालिक 'अग्निवीर' सैन्य भर्ती योजना रद्द होगी। उन्होंने लिखा कि 'अग्निवीर' पर यही मांग है कि पुरानी भर्ती की फिर बहाली हो।

# अफसर पर आय से अधिक संपत्ति में केस

## कमाए 88.63 लाख, खर्च किये 2.99 करोड़ रुपए

एजेंसी । वाराणसी

आय से अधिक संपत्ति के मामले में उप्र सतर्कता अधिष्ठान वाराणसी इकाई की ओर से उप्र राजकीय निर्माण निगम वाराणसी के तत्कालीन विद्युत इकाई प्रभारी रहे मनोज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शासन के आदेश पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। मनोज यादव वर्तमान में उप्र राजकीय निर्माण निगम लि. प्रयागराज विद्युत इकाई के अपर परियोजना प्रबंधक हैं। शासन के आदेश पर उप्र सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ ने वाराणसी इकाई को जांच का आदेश दिया था। जांच में आय से अधिक संपत्ति मिली है। जांच के लिए निर्धारित अवधि में मनोज यादव ने अपनी आय के समस्त ज्ञात और वैध स्रोतों से 88 लाख 63 हजार 739 रुपये की आय अर्जित की। हालांकि इसी अवधि में अपनी सपंत्तियां बनाने, अर्जित करने और भरण-पोषण पर 2 करोड़ 99 लाख 19 हजार 910 रुपये पाया गया।



### हजारीबाग में अपराधियों का उत्पात

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना क्षेत्र में स्थित एनटीपीसी चट्टीबरियातू कोल परियोजना में अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया। ये वारदात उस वक्त हुई जब टाइकून कंपनी ओबी हटाने का कार्य कर रही थी। ये घटना 26 जुलाई की रात 2 ।15 बजे की है। अपराधियों ने वहां काम कर रहे कर्मियों को पहले जान से मारने की धमकी दी उसके बाद कंपनी के वर्क शॉप में मौजूद ग्रेडर मशीन और वोल्वो हाइवा वाहन (एपी 26 टीएफ 6053) को आग लगा दिया। इस घटना में ग्रेडर मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। जबकि वहां खड़ी वोल्वो हाइवा वाहन को ड्राइवरों ने जलने से बचा लिया।

## व्यापार जगत

### आईपीओ अलर्ट — 8 आईपीओ और 11 लिस्टिंग...

# इस हफ्ते मार्केट में होने वाला है खूब धूम-धड़ाका

एजेंसी । नई दिल्ली

थोड़े समय की शांति के बाद प्राइमरी मार्केट में अगले हफ्ते खूब धूम-धड़ाका होने जा रहा है। अगले हफ्ते आठ कंपनियां अपने इश्यू लाने की तैयारी में हैं। इनमें मेनबोर्ड की एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का आईपीओ शामिल है। इसके अलावा, सात अन्य कंपनियां भी एसएमई सेगमेंट में अपने इश्यू लॉन्च करने की योजना बना रही हैं। साथ ही दलाल स्ट्रीट में भी 11 लिस्टिंग देखने को मिलेंगी। इनमें से सभी संबंधित एक्सचेंजों के एसएमई प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगी। एनालिस्ट्स का कहना है कि भारत के पूंजी बाजार देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसका श्रेय प्रौद्योगिकी, इनोवेशन और डिजिटलीकरण में हुई प्रोग्रेस को जाता है। घरेलू और वैश्विक दोनों निवेशक भारतीय शेयर बाजार में महत्वपूर्ण रुचि दिखा रहे हैं, जिससे यह निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।




### सीगल इंडिया

इंफ्रास्ट्रक्चर कंस्ट्रक्शन कंपनी सीगल इंडिया का पब्लिक इश्यू 1 अगस्त को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इसके लिए प्राइस बैंड की घोषणा 29 जुलाई को की जाएगी। एंकर निवेशक 31 जुलाई को बोली लगा सकेंगे। 5 अगस्त को IPO क्लोज होने के बाद शेयरों का अलॉटमेंट 6 अगस्त को फाइनल हो सकता है। लिस्टिंग 8 अगस्त को होगी। ICICI सिक्योरिटीज और IIFL सिक्योरिटीज को मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया गया है। लिंक इनटाइम इंडिया इस ऑफर के लिए रजिस्ट्रार है। सीगल इंडिया अपने IPO में 684 .3 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी।

### ओला इलेक्ट्रिक

ओला इलेक्ट्रिक IPO का इंतजार खत्म होने वाला है। भाविश अग्रवाल की ओला इलेक्ट्रिक का IPO 2 अगस्त को खुल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक IPO 2 अगस्त को खुलेगा और 6 अगस्त को बंद होगा। इस दौरान रिटेल निवेशक इस IPO में पैसा लगा सकते हैं। एंकर निवेशक (बड़े निवेशक) 1 अगस्त से इस IPO में पैसा लगा पाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक BSE (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और NSE (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) में ओला इलेक्ट्रिक IPO की लिस्टिंग 9 अगस्त को होने वाली है। ओला इलेक्ट्रिक इस IPO से 5500 करोड़ रुपये शेयर फ्रेश इश्यू और 95 .2 मिलियन शेयर ऑफर फॉर सेल के तहत जारी करेगी। ओला इलेक्ट्रिक ने 22 दिसंबर 2023 को सेबी के पास पेपर्स जमा किया था। जिसके मुताबिक इन्वेस्टमेंट बैंक्स के तौर पर कोटक महिंद्रा कैपिटल, गोल्डमैन सैच्स, एक्सिस कैपिटल, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, बोफा सिक्योरिटीज, सिटी, बॉब कैप्स और एसबीआई कैप्स काम कर रहे हैं। सेबी ने ओला इलेक्ट्रिक IPO की मंजूरी पिछले महीने दी थी।

### एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड

दिल्ली की कंपनी Akums Drugs and Pharmaceuticals का 1,857 करोड़ रुपये का आईपीओ 30 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इसमें 680 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे जबकि ओएफएस के जरिए 1.73 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। इसके लिए प्राइस बैंड 646-679 रुपये तय किया गया है। यह भारत के घरेलू CDMO बाजार की सबसे बड़ी कंपनी है। कंपनी की वित्त वर्ष 23 में मूल्य के हिसाब से 29 .4% बाजार हिस्सेदारी थी। इस इश्यू के लिए एक्सिस कैपिटल, ICICI सिक्योरिटीज, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया और एंबिट बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं जबकि लिंक इनटाइम इंडिया ऑफर का रजिस्ट्रार है। ग्रे मार्केट में कंपनी का अनलिस्टेड शेयर 150 रुपये यानी 21% प्रीमियम के साथ ट्रेड कर रहा है।




### एसएमई सेगमेंट

एसएमई सेगमेंट में 5 कंपनियों Bulkcorp International, Sathlokhar Synergys, Kizi Apparels, Ashapura Logistics और Rajputana Industries के आईपीओ 30 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे और 1 अगस्त को बंद होंगे। इनमें Sathlokhar Synergys का 93 करोड़ रुपये का आईपीओ सबसे बड़ा है। इसके बाद आशापुरा लॉजिस्टिक्स की लगभग 52 .66 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इसके अलावा उत्सव गोल्ड का आईपीओ 31 जुलाई को और धारीवालकॉर्प का आईपीओ एक अगस्त को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे।

### पहले 6 महीने में 34 आईपीओ

2024 में आईपीओ बाजार में तेजी देखी गई है। 1 जुलाई, 2024 तक, 34 कंपनियों ने पहले छह महीनों के भीतर प्राइमरी मार्केट में अपने मेन बोर्ड आईपीओ लॉन्च किए थे। इन 34 कंपनियों ने इस साल आईपीओ के जरिए 31,000 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस साल पब्लिक हुईं 75 फीसदी कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को अच्छा मुनाफा दिया है। विशेष रूप से, इनमें से पांच कंपनियों के शेयर उनके आईपीओ के बाद से केवल छह महीने के भीतर दोगुने या यहां तक कि तीन गुने से भी अधिक हो गए हैं। 2023 में साल भर में 58 कंपनियों ने अपने आईपीओ लॉन्च किए थे। इस वर्ष, केवल पहले छह महीनों में, यह संख्या 34 तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की कुल संख्या के आधे से अधिक है।




# ICICI बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा 14.6% बढ़ा

▶▶ आय 18.6% बढ़कर 45,997 करोड़ रही

▶▶ ब्याज आय भी 7.27% बढ़ी

**मुंबई।** देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक ICICI का अप्रैल-जून तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 14.62% बढ़कर 11,059.11 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 9,648.20 करोड़ रहा था। हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 3.28% बढ़ा है। पिछली तिमाही (Q4 FY24) में बैंक का मुनाफा 10,707.53 करोड़ रु पए रहा था। ICICI ने शनिवार (27 जुलाई) को Q1FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




### ICICI बैंक की टोटल इनकम 18.66% बढ़ी

वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 18 .66% बढ़कर 45,997 .70 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 38,762 .86 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 5 .50% बढ़ी है।

### इंटरेस्ट इनकम 7.27% बढ़कर 19,553 करोड़

जून तिमाही में ICICI बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना (YoY) आधार पर 7 .27% बढ़कर 19,553 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में ये 18,227 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 2 .40% बढ़ी है।

### एक साल में ICICI बैंक के शेयर ने 22.90% रिटर्न दिया

एक दिन पहले यानी शुक्रवार को ICICI बैंक का शेयर 1.59% बढ़कर 1,217 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 8 .50 लाख करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक के शेयर ने अपने निवेशकों को 19 .74% रिटर्न दिया है। वहीं एक साल में बैंक का शेयर 22 .90% चढ़ा है।

# पंजाब नेशनल बैंक का मुनाफा 159% बढ़कर 3252 करोड़ हुआ

**मुंबई।** पब्लिक सेक्टर के पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने 27 जुलाई को FY25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक के नेट प्रॉफिट में 159 फीसदी का तगड़ा उछाल आया है। बैंक ने इस अवधि में 3252 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1255 करोड़ रुपये था। बीते शुक्रवार को PNB के शेयरों में 1.87 फीसदी की तेजी देखी गई। यह स्टॉक BSE पर 119.90 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। बैंक का मार्केट कैप 1.32 लाख करोड़ रुपये है।



## टीम इस प्रकार है

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अमा कंचना, उदेशिका प्रबोदानी, विशमी गुणरथने, काव्या कविंदी, इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसूर्या, कवीशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, सचिनी निसानसाला, शशिनी गिम्हानी।



# लगातार आठवें खिताब के लिए मैदान पर उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी | दाम्बुला

महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में जहां भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से करारी मात देने के साथ अपनी जगह को पक्का कर लिया था तो वहीं अब उसकी भिड़ंत खिताबी मुकाबले में श्रीलंका की महिला टीम से होगी। इस टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंकाई टीम की भिड़ंत पाकिस्तान से हुई जिसमें उन्होंने 3 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया। अब भारत और श्रीलंका के बीच 28 जुलाई को महिला टी20 एशिया कप 2024 का फाइनल मुकाबला दांबुला के स्टेडियम में खेला जाएगा।

### श्रीलंका ने एक गेंद शेष रहते हुए मुकाबले को किया अपने नाम

पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 एशिया कप 2024 की मेजबानी कर रही श्रीलंका की टीम को दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में 141 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए उन्होंने इस मैच को सिर्फ एक गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट के नुकसान पर हासिल किया। श्रीलंका की तरफ से इस मुकाबले में कप्तान चमारी अटापट्टू ने जहां 63 रनों की बेहतरीन पारी खेली तो वहीं अनुष्का संजीवनी ने 22 गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेलने के साथ टीम को इस मुकाबले में रोमांचक जीत दिलाकर वापस लौटीं। इससे पहले श्रीलंका की तरफ से गेंदबाजी में कोई खास प्रदर्शन देखने को नहीं मिला जिसमें टीम सिर्फ पाकिस्तान के 4 विकेट ही हासिल करने में कामयाब हो सकी।



### दोनों ही टीमों ने अब तक नहीं गंवाया एक भी मुकाबला

भारत और श्रीलंका की महिला टीम का टी20 एशिया कप 2024 में प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उसमें दोनों का अब तक ग्रुप स्टेज से लेकर सेमीफाइनल तक शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। भारतीय टीम ने जहां एक भी मुकाबला अब तक नहीं गंवाया है तो वहीं श्रीलंका की टीम भी सभी मैचों में जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की करने में कामयाब हुई है, ऐसे में खिताबी मुकाबले में दोनों टीमों के बीच रोमांचक जंग देखने की उम्मीद की जा सकती है।

# भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल के क्वालीफिकेशन में बाहर

- **10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल से चूके सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा**
- **सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के स्कोर से नौवें, अर्जुन 574 के स्कोर से 18वें रहे**

एजेंसी | पेरिस

ओलंपिक में एयर राइफल मिश्रित टीमों की शनिवार को निराशाजनक शुरुआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बावजूद वे पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके।



### पदक राउंड से चूके

अर्जुन ने दूसरी सीरीज में शानदार शुरुआत की और 10.5, 10.6, 10.5, 10.9 का स्कोर बनाया। रमिता ने दूसरी सीरीज में 10.2, 10.7, 10.3, 10.1 का स्कोर बनाया। इससे यह जोड़ी शीर्षक आठ में तो पहुंच गई लेकिन पदक राउंड में जगह बनाने के लिए यह स्कोर पर्याप्त नहीं था। पदक राउंड में पहुंचने के लिए शीर्ष चार में जगह बनाना जरूरी था। चीन, कोरिया और कजाकिस्तान की टीम क्वालीफिकेशन दौर में पहले तीन स्थानों पर रही।

### नाकाम रहे

सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। आठवें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने वाले जर्मनी के रॉबिन वाल्टर का स्कोर भी 577 था लेकिन उन्होंने सरबजोत के 16 के मुकाबले 17 सटीक निशाने लगाए थे।



सरबजोत चौथी सीरीज में परफेक्ट 100 का स्कोर करने के बाद शीर्ष तीन में पहुंच गए थे, लेकिन 22 साल का यह निशानेबाज लय बरकरार रखने में नाकाम रहा और मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीमा भी एक समय चौथे स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन वह भी लय बरकरार नहीं रख सके। चीमा और सरबजोत दोनों उस टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले साल हांगझोऊ में एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्वर्ण पदक जीता था।

### मिश्रित टीम बाहर



इससे पहले भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थीं। रमिता जिंदल और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह जोड़ी तीन शॉट शेष रहते पांचवें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गईं।

# मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी | पेरिस

भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 के पहले दिन एक अच्छी खबर आखिरकार शूटिंग के इवेंट से ही आई जिसमें स्टार निशानेबाज खिलाड़ी मनु भाकर ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल इवेंट के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया है। मनु ने क्वालिफिकेशन राउंड जिसमें कुल 45 एथलीट्स हिस्सा ले रहे थे उसमें उन्होंने 580 अंक हासिल करते हुए तीसरे स्थान पर रहते हुए खत्म किया।

### मनु ने 6 सीरीज में लगातार किया शानदार प्रदर्शन



महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 6 सीरीज का मौका सभी निशानेबाजों को मिला जिसमें आखिर में टॉप-8 में रहने वालीं खिलाड़ियों ने अपनी जगह मेडल इवेंट के लिए पक्की की। इसमें 22 साल की मनु भाकर ने पहली सीरीज में 100 में 97 अंक हासिल किए। इसके बाद 97 दूसरी सीरीज में जबकि तीन सीरीज खत्म होने के बाद मनु के 300 में 292 अंक थे। मनु ने आखिरी तीन सीरीज में लगातार 96 अंक हासिल किए और फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया।

### रिदम सांगवान ने किया निराश

वहीं रिदम सांगवान को लेकर बात की जाए तो वह पहली तीन सीरीज में 97, 92 और 97 अंक हासिल करने में कामयाब रहीं लेकिन आखिरी तीन सीरीज में 96, 95 और 96 अंक ही हासिल कर सकी जिससे उन्होंने 15वें स्थान पर रहते हुए खत्म किया। रिदम सांगवान के कुल 573 अंक थे और वह मेडल इवेंट के लिए अपनी जगह पक्की नहीं कर सकी।

## बारिश का खलल, स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित



एजेंसी | पेरिस

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने के बाद बारिश सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गई है। इसके कारण शनिवार को यहां स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित करनी पड़ीं। स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं पेरिस के बाहरी क्षेत्र ला कॉनकॉर्ड अर्बन पार्क में होंगी। इस खेल की विश्व संस्था ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शनिवार को होने वाली स्पर्धाओं को स्थगित करना पड़ा।

# नौकायन : बलराज हीट में चौथे स्थान पर, रेपेचेज में पहुंचे

एजेंसी | चेटेरोक्स (फ्रांस)

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। 25 साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेंकड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेंकड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेंकड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेंकड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा।



# पूजा बत्रा ने लॉन्च किया पूनम झा का नया पार्टी सॉन्ग 'नशे में हाई'

ज़ी म्यूजिक कंपनी गर्व से प्रस्तुत करता है 'नशे में हाई', जो प्रतिभाशाली पूनम झा का नया और धमाकेदार पार्टी एंथम है। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा बत्रा ने इस धमाकेदार ट्रैक को लॉन्च किया है, जो पार्टी प्रेमियों और संगीत प्रेमियों के लिए एक परफेक्ट डांस नंबर है।




'नशे में हाई' पूनम झा की दूसरी रिलीज है, जिसका मकसद युवा पीढ़ी और सभी पार्टी प्रेमियों को लुभाना है। इस गाने में संगीत, बीट्स और बोलों का अनूठा मिश्रण है, जिसमें स्पेनिश और हिंदी शब्दों को मिलाकर एक ज़बरदस्त पार्टी एंथम बनाया गया है। इस गाने में पूनम झा, अविनाश सभरवाल और कनिष्का शर्मा ने अभिनय किया है और इसे ज़ी म्यूजिक द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। 'नशे में हाई' का संगीत साधु एस तिवारी ने कंपोज़ किया है और बोल रोहित शर्मा ने लिखे हैं। इस गाने में सुवंकर सेन ऑफ सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ एक सहयोग भी शामिल है, जो उनके ज्वेलरी पार्टनर हैं। इसे फिल्मी बॉयज़ टीम सुबेग सिंह भोगल और कुंवर राज सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है और ज़ी म्यूजिक कंपनी के लेबल के तहत लॉन्च किया गया है।



# रणवीर सिंह ने की अपनी नई फिल्म की घोषणा

पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि ब्लॉकबस्टर फिल्म 'उरी' के निर्देशक आदित्य धर बतौर निर्देशक दूसरी फिल्म लेकर आने वाले हैं। उनकी इस फिल्म से जुड़ीं तमाम जानकारियां सामने आई थीं। यह वही फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह और संजय दत्त समेत कई कलाकार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। अब आखिरकार इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो गई है। निर्देशक समेत फिल्म के सभी कलाकारों ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। रणवीर ने फिल्म में अपने साथ काम कर रहे अभिनेताओं और निर्देशक के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'यह मेरे प्रशंसकों के लिए है, जो मेरे साथ बहुत धैर्यवान रहे हैं और मुझसे इस तरह के बदलाव की मांग कर रहे हैं।

# तृप्ति डिमरी अब जाएंगी हॉलीवुड

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सफलता के रथ पर सवार हैं। जब से उन्होंने रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'एनिमल' में काम किया है, उनकी किस्मत को पंख लग गए हैं। इस फिल्म के बाद जहां उनके प्रशंसकों की तादाद बढ़ी, वहीं नेशनल क्रश के टैग से भी उन्हें नवाजा गया। उनकी फिल्म 'बैड न्यूज' भी बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है। अब खबर है कि तृप्ति हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं।



### हॉलीवुड में छोटे किरदार भी कर लेंबी तृप्ति

हालिया इंटरव्यू में तृप्ति ने कहा, 'मैं हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की योजना बना रही हूं। अगर मुझे वहां कोई छोटा सा किरदार भी मिलता है तो वो भी मेरे लिए मददगार साबित होगा, क्योंकि मुझे हॉलीवुड में कलाकारों के काम करने का तरीका पसंद है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृप्ति फिलहाल एक एजेंट की तलाश में है, जो हॉलीवुड में उनका प्रतिनिधित्व करे, जिससे उन्हें वहां काम मिलने में आसानी हो।

### तृप्ति ने की थी विदेश में अपनी धाक जमा चुकीं प्रियंका की तारीफ

इससे पहले तृप्ति ने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा को अपनी प्रेरणा बताया था। उन्होंने कहा था, 'बॉलीवुड में प्रियंका मेरी आदर्श हैं। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। 'उन्होंने कहा था, 'अपने देश को छोड़ कर दूसरे देश में जाना बड़ी बात है और उन्होंने तो दूसरे देश में जाकर फिर से अपने करियर की नई शुरुआत की है। मुझे प्रियंका बेहद हिम्मती इंसान लगती हैं। तृप्ति जल्द ही धनुष के साथ निर्देशक आनंद राय की अगली फिल्म में रोमांस करती दिखेंगी। वह कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'भूल भुलैया 3' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 'एनिमल' का सीक्वल 'एनिमल पार्क' भी उनकी झोली में है।

# करण जौहर और कार्तिक आर्यन नहीं आ रहे साथ

करण जौहर आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच पेश करेंगे। वह अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ भी एक फिल्म करने वाले थे। 'दोस्ताना 2' को लेकर उनके बीच विवाद हो गया था। इसके बाद खबर आई कि उनकी सुलह हो गई है और करण फिर कार्तिक के साथ काम करने वाले हैं। हालांकि, अब खबर आ रही है कि करण ने न सिर्फ कार्तिक, बल्कि सलमान खान अभिनीत फिल्म को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया है।





रिपोर्ट के मुताबिक, करण ने संदीप मोदी के निर्देशन में बनने जा रही कार्तिक अभिनीत वॉर फिल्म को रोक दिया है। इसकी वजह यह है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति से सराबोर फिल्मों की भरमार है। उधर अपनी बड़े बजट की फिल्म 'योद्धा' के बॉक्स ऑफिस पर पिटने के बाद करण फिलहाल दोबारा जोखिम उठाने के मूड में नहीं हैं। वह दर्शकों की नब्ज पकड़ चुके हैं, इसलिए फिलहाल वॉर फिल्मों से परहेज कर रहे हैं।

# रवि तेजा और पुरी जगन के बीच तनातनी

साल 2024 का अगस्त महीना बॉक्स ऑफिस पर बहुत व्यस्त रहने वाला है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई फिल्में आमने-सामने होंगी। इस लिस्ट में पुरी जगन की नई फिल्म 'डबल इस्मार्ट' और दूसरी रवि तेजा की 'मिस्टर बच्चन' शामिल हैं। ये दोनों फिल्में 15 अगस्त को ही रिलीज होंगी। बता दें कि 'डबल आईस्मार्ट' पुरी, चार्मी और राम पोथिनेनी के लिए काफी महत्वपूर्ण है, जो मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। दोनों फिल्मों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।





### क्या पुरी जगन 'मिस्टर बच्चन' की टीम से नाराज हैं?

इन दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर सामने आने के बाद, इन्हें लेकर तरह-तरह की अफवाहें भी उड़ रही हैं। कहा जा रहा है कि पुरी जगन रवि तेजा और उनके 'मिस्टर बच्चन' कैंप से नाराज हैं। चूंकि रवि तेजा ने भी उसी तारीख को अपनी फिल्म की घोषणा की थी, इसलिए खबर यह है कि चार्मी ने रवि तेजा और उनकी टीम से प्रतिस्पर्धा को खत्म करने और 'मिस्टर बच्चन' को बाद में रिलीज करने के लिए संपर्क किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक रवि तेजा और उनके निर्देशक हरीश शंकर रिलीज की तारीख बदलने के मूड में नहीं थे क्योंकि स्वतंत्रता दिवस का लंबा वीकेंड उनकी फिल्म को रिलीज करने का सबसे अच्छा समय है। अब खबर यह है कि पुरी जगन 'मिस्टर बच्चन' की टीम से थोड़े नाराज हैं। दोनों के बीच थोड़ी तनातनी चल रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों की बैठक स्थगित

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल को अधिक शक्तियां सौंपने सहित केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा के लिए जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों की अगले महीने होने वाली बैठक शनिवार को स्थगित कर दी गई। माकपा के वरिष्ठ नेता एम वाई तारिगामी ने बताया कि बैठक सात अगस्त को होनी थी जिसके लिए अभी कोई नई तारीख तय नहीं की गई है।

### ओडिशा से बीएसएफ की दो बटालियन जाएंगी जम्मू

**नई दिल्ली।** सरकार ने ओडिशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दो बटालियन को भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र में तैनात करने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में हाल में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर दोनों बटालियन को नक्सल विरोधी अभियान ग्रिड से तत्काल जम्मू स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया है। इन दोनों बटालियन को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहले से अग्रिम पंक्ति पर तैनात बीएसएफ इकाइयों के पीछे तैनात किया जाएगा।

### पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री बिश्वनाथ चौधरी का निधन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री बिश्वनाथ चौधरी का कोलकाता के एक अस्पताल में 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। उनको पिछले सप्ताह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सुबह 6:42 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के नेता चौधरी दक्षिण दिनाजपुर जिले की बालुरघाट सीट से सात बार विधायक चुने गए। इसके अलावा 1987 से 2011 तक बंगाल सरकार में जेल और समाज कल्याण मंत्री रहे। आरएसपी के महासचिव मनोज भट्टाचार्य ने कहा कि चौधरी के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बालुरघाट ले जाया जाएगा।

### अनंतनाग में खाई में गिरी कार, एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सिंथन-कोकरनाग मार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट कार सड़क से फिसलकर खाई में पत्थरों पर जा गिरी। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। कोकरनाग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुहेल अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना डक्सुम नाका से 20 किलोमीटर दूर आरशान हट के पास हुई। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इम्तियाज अहमद पत्नी, एक अन्य रिश्तेदार महिला और पांच बच्चों के साथ कार से किश्तवाड़ से माडवा किश्तवाड़ में अपने घर वापस आ रहे थे, जहां उनकी तैनाती थी। उसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया।

## सुदर्शन का सफल परीक्षण




# एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराए दुश्मन के 80% विमान

एजेंसी | नई दिल्ली

इंडियन एयरफोर्स के सुदर्शन एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने वॉर प्रैक्टिस में दुश्मन के 80% लड़ाकू विमानों को मार गिराया। इस दौरान सेना के बाकी फाइटर प्लेन पीछे हटने पर मजबूर हो गए और उन्हें मिशन अबॉर्ट करना पड़ा। एयरफोर्स ने एक थिएटर लेवल की वॉर प्रैक्टिस की, जहां एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की स्क्वाड्रन को तैनात किया था। इस दौरान एयरफोर्स के राफेल, सुखोई और मिग फाइटर जेट्स ने बतौर दुश्मन उड़ान भरी। प्रैक्टिस में एस-400 ने अपने टारगेट को लॉक किया और करीब 80% फाइटर जेट्स पर सटीक निशाना साधा। प्रैक्टिस का मकसद एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमताओं को जांच करना था। रूस से आयात S-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम 400 किलोमीटर दूर से ही अपने टारगेट को डिटेक्ट कर काउंटर अटैक करने की क्षमता रखता है। इसे एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने 'सुदर्शन' नाम दिया है। सुदर्शन चक्र भगवान श्री कृष्ण का प्रमुख अस्त्र है।

### रूस से मिले S-400 के 5 स्क्वाड्रन, 3 तैनात 2 बाकी

भारत और रूस के बीच 2018 में S-400 के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35 हजार करोड़ की डील फाइनल हुई है। इसमें से 3 स्क्वाड्रन चीन और पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। 2 का आना बाकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते इसमें देर हो रही है। ये अगस्त 2026 तक वायुसेना को मिल जाएंगी। सेना का मानना है कि S-400 उसके लिए गेम चेंजर साबित होगा। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस S-400 मिसाइल का इस्तेमाल कर चुका है। भारतीय वायुसेना को हाल ही में स्वदेशी MR-SAM, आकाश मिसाइल सिस्टम के साथ-साथ इज़राइली स्पाइडर क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम मिला है। रक्षा परिषद ने हाल ही में प्रोजेक्ट कुशा के तहत लॉन्ग रेंज सरफेस एयर मिसाइल सिस्टम की खरीद को भी मंजूरी दी है।

### S-400 में क्या है खास?

- S-400 में 400 इस सिस्टम की रेंज को दर्शाता है। रूस से भारत को जो सिस्टम मिला है, वह 400 किलोमीटर दूर से टारगेट को डिटेक्ट करता है। हालांकि, दुश्मन इसे आसानी से डिटेक्ट नहीं कर सकते हैं।
- S-400 की सबसे बड़ी खासियत है कि इसे रोड के जरिए कहीं भी लाया ले जाया जा सकता है।
- इसमें 92N6E इलेक्ट्रॉनिकली स्टीयर्ड फेज्ड ऐरो रडार लगा हुआ है जो करीब 600 किलोमीटर की दूरी से ही मल्टिपल टारगेट्स को डिटेक्ट कर सकता है।

### ऑर्डर मिलने के 5 से 10 मिनट में ही ये ऑपरेशन के लिए रेडी हो जाता है।

- S-400 की एक यूनिट से एक साथ 160 ऑब्जेक्ट्स को ट्रैक किया जा सकता है। एक टारगेट के लिए 2 मिसाइल लॉन्च की जा सकती हैं।
- यह 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर भी अपने टारगेट को अटैक कर सकता है।



### S-400 सिस्टम क्या है?

S-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा के जरिए हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। इसे रूस के एलमाज सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो ने बनाया है और दुनिया के बेहद आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम में इसकी गिनती होती है।

# राजस्थान, असम और अरुणाचल में भी अग्निवीरों को आरक्षण

## अब तक 10 राज्यों ने रिजर्वेशन देने की घोषणा की

एजेंसी | गुवाहाटी/इटानगर

राजस्थान, असम और अरुणाचल प्रदेश में भी अब अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण देने का ऐलान किया है। तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शनिवार को इसकी घोषणा की। 26 जुलाई को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, गुजरात और छत्तीसगढ़ की सरकारों ने आरक्षण देने की घोषणा की थी।

22 जुलाई को हरियाणा और उत्तराखंड की सरकार भी अग्निवीरों को आरक्षण देने का ऐलान कर चुकी है। इस तरह अब तक 10 राज्य ऐसी घोषणा कर चुके हैं। इससे पहले दो साल पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी BSF, CRPF, ITBP, SSB और CISF में अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने की घोषणा की थी।

### विपक्ष ने अग्निपथ योजना बंद करने की मांग की



सेना में अग्निपथ योजना के जरिए अग्निवीरों की भर्ती को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच टकराव चल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसे बंद करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि INDIA गठबंधन की सरकार में इस योजना को बंद कर दिया जाएगा।

# कुपवाड़ा में एनकाउंटर, एक जवान शहीद

**एक आतंकी मारा गया** | **मेजर समेत 4 जवान घायल**



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार सुबह एनकाउंटर में राइफलमैन मोहित राठौर शहीद हो गए, जबकि मेजर समेत 4 जवान घायल हैं। मुठभेड़ माछिल सेक्टर के पास जंगल एरिया में हुई। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी के मारे जाने की खबर है।

### पाकिस्तानी सेना करा रही थी घुसपैठ

रक्षा विभाग ने बताया कि पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम (BAT) आतंकियों की घुसपैठ करा रहा था। BAT के साथ SSG कमांडो और पाकिस्तानी सेना के सैनिक आतंकवादी संगठनों के साथ आतंकियों को कश्मीर भेज रहे थे। सुरक्षाबलों को कुपवाड़ा के कमकारी इलाके में इनकी खबर मिली। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। हमले के बाद आतंकियों के जंगल में भागने की आशंका है। सुरक्षाबल जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। यह हमला कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के एक दिन बाद हुआ है।

# स्वाद के लिए सेहत से खिलवाड़

- गोल्डी-अशोक समेत 16 मसाला कंपनियों के उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित
- जांच में मिले पेस्टीसाइट्स

एजेंसी | लखनऊ

सब्जी के स्वादिष्ट मसाले आपकी सेहत तो नहीं बिगड़ रहे। यूपी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) की कार्रवाई के बाद हर कोई चिंतित है। FSDA द्वारा कराई गई जांच में गोल्डी, अशोक, भोला सब्जी मसाले समेत 16 कंपनियों के उत्पाद अमानक मिले हैं। कुछ में तो खतरनाक पेस्टीसाइड की उपलब्धता मिली है। FSDA के अफसरों ने मई 2024 में कानपुर की मसालों फैक्ट्रियों पर छापा मारा था। इस दौरान 16 कंपनियों के 35 उद्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। 23 की रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें पेस्टीसाइड और कीटनाशक (इंसेक्टिसाइड) की मात्रा अधिक मिली है।



### कंपनी प्रबंधन को नोटिस भेजा, होगी एफआईआर

उत्तर प्रदेश के सहायक खाद्य आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने बताया कि MDH और एवरेस्ट मसालों के नमूने फेल होने के बाद सरकार के निर्देश पर सैंपल लिए गए थे। जांच में अशोक और गोल्डी जैसे 14 कंपनियों के 23 नमूने फेल हो गए। जिसके बाद कंपनी प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर FIR दर्ज किया जाएगा। साथ ही ADM सिटी कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। इसके बाद जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में 200 करोड़ का हॉस्पिटल घोटाला

एजेंसी | नई दिल्ली

कोविड-19 के दौरान हमने मौत को बेहद करीब से देखा है। इस दौरान एक तरफ करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए थे, तो दूसरी ओर लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। ना जाने कितने परिवार सड़क पर गए थे, लेकिन कुछ ऐसे भी भ्रष्टाचारी थे, जिन्होंने इस आपदा को अवसर के तरह इस्तेमाल किया और करोड़ों का घोटाला किया। कोरोना के समय में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में 200 करोड़ रुपये का घोटाला होने का आरोप है।

## एसीबी ने लिया बड़ा एक्शन, मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

### 2 निजी कंपनियों के मालिक भी हुए गिरफ्तार




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एंटी करप्शन ब्यूरो ने कोरोना के दौरान दिल्ली सरकार के अस्पतालों में हुए घोटाले में बड़ा एक्शन लिया है। एसीबी ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व एडीजी और दो निजी कंपनियों के मालिकों को अरेस्ट कर लिया है। इसमें एलएनजेपी, बीएसए, जीटीबी, बीएसए और जीबी पंत शामिल हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने इस मामले में बताया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने फर्जी बिलों के आधार पर या फिर अधूरे काम के बदले कंपनी को पूरा भुगतान किया है, इससे 200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### आरोपियों पर भ्रष्टाचार मामले में केस दर्ज

फिलहाल इस मामले में एसीबी ने जिन 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें पीडब्ल्यूडी के पूर्व एडीजी अनिल कुमार आहूजा, एवी एंटरप्राइजेज और विवेक एसोसिएट्स के मालिक विनय कुमार और अक्षितिज बिरमानी भी शामिल है। एसीबी का कहना है कि तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज किए गए और उन्हें गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बेंगलुरु में बिहार की लड़की का मर्डर

### 4 दिन बाद आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

बेंगलुरु। बेंगलुरु में 24 साल की लड़की की 23 जुलाई को बेहरमी से हत्या की गई। पीजी आवास में बिहार की लड़की को चाकू से गोदाकर मारने वाले आरोपी को पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। शनिवार को पकड़े गए आरोपी को बेंगलुरु पुलिस अपने साथ ले गई है। पूछताछ के बाद ही हत्या का कारण सामने आएगा।

### 20 बार चाकू से गोदा

जानकारी के मुताबिक, बिहार निवासी कीर्ति कुमारी(24) बेंगलुरु की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। कीर्ति बेंगलुरु के कोरामंगला इलाके के पीजी आवास में रहती थी। 23 जुलाई की रात 11 बजे अज्ञात युवक लड़की के पीजी पहुंचा। दरवाजा खटखटा कर उसे बाहर निकाला। इसके बाद गैलरी में चाकू से वार किया। आरोपी ने लड़की को दो मिनट के अंदर 20 बार चाकू से गोदा, फिर गला रेत दिया और फरार हो गया।

### सी सीटीवीफुटेज से हुई आरोप की पहचान

कीर्ति की हत्या करने के बाद आरोपी बेंगलूरु से भागकर कई अन्य जगह होते हुए भोपाल पहुंचा। CCTV फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान अभिषेक के रूप में की। बेंगलुरु पुलिस ने शनिवार को आरोपी को मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम आरोपी को लेकर रवाना हो गई है।

# 'नीति आयोग की बैठक में बोलने से रोका, ये मेरा अपमान'



एजेंसी | नई दिल्ली

नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल (जीसी) की बैठक शनिवार को राष्ट्रपति भवन के कल्चरल सेंटर में आयोजित की गई है। विपक्ष की सरकार वाले करीब 6 मुख्यमंत्रियों ने इस मीटिंग का बहिष्कार किया है। सभी राज्यों ने बजट में गैर-भाजपा शासित राज्यों की अनदेखी और भेदभाव का आरोप लगाया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मीटिंग में शामिल हुईं, लेकिन वह नाराज होकर मीटिंग बीच में छोड़कर निकल गईं। उन्होंने बाहर आकर ₹भेदभाव₹ और ₹बोलने से रोकने₹ का आरोप लगाया। उधर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ममता बनर्जी के आरोपों को झूठा बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया।

## सीएम ममता बनर्जी का आरोप

### चंद्रबाबू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए : CM ममता

ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति भवन के साउथ एवेन्यू-साइड गेट के बाहर पत्रकारों से कहा- "मेरा माइक पांच मिनट के बाद बंद कर दिया गया, जबकि अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को 15 से 20 मिनट का समय दिया गया। मैं बैठक का बहिष्कार करते हुए बाहर आ गई हूं। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने 10-12 मिनट तक बोला। मुझे सिर्फ पांच मिनट के बाद बोलने से रोक दिया गया। यह गलत है। मैं विपक्ष से अकेले आई थी, लेकिन उन्होंने मुझे 5 मिनट में रोक दिया। यह मेरा अपमान है। मैं अब ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं होऊंगी।

### वित्त मंत्री सीतारमण ने ममता के आरोप नकारे



निर्मला सीतारमण ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- सीएम ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं। हम सभी ने उन्हें सुना। हर सीएम को बोलने के लिए टाइम अलॉट किया गया था और उसे स्क्रीन पर शो किया जा रहा था, यह स्क्रीन सभी टेबल के सामने लगी हुई थी। लेकिन बैठक से निकलकर उन्होंने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया। यह पूरी तरह से झूठ है। हर सीएम को बोलने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दावा दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें इसके पीछे सच बोलना चाहिए न कि फिर से झूठ पर आधारित कहानी गढ़नी चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी अगस्त में करेंगे यूक्रेन दौरा!

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने 24 अगस्त को यूक्रेन के राष्ट्रीय दिवस के आसपास कीव का दौरा कर सकते हैं, जो रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद उनका यूक्रेन का पहला दौरा होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने संभावित दौरे में पीएम मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलेंगे। यह दौरा पूर्वी यूरोप में शांति लाने के वैश्विक मुहिम के बीच होगा।

### 8 जुलाई को रूस दौरे पर गए थे मोदी

पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा 8 जुलाई को रूस में उनके दो दिवसीय दौरे के कुछ दिनों बाद होगा। अपने दौरे में मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अनौपचारिक बैठक की, जिसके बाद पुतिन के घर नोवो-ओगारियोवो में डिनर हुआ। यह सम्मान सिर्फ कुछ ही गेस्ट लीडर्स को मिलता है। मीटिंग के बाद मोदी ने X पर एक पोस्ट में पुतिन को धन्यवाद दिया।



### 14 जून को इटली में मिले थे मोदी-जेलेंस्की

कूटनीतिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस दौरे के लिए लॉजिस्टिक्स और संबंधित मुद्दों के लिहाज से बड़े पैमाने पर तैयारियां की जाएंगी। हालांकि, इस दौरे को लेकर अभी तक भारत या यूक्रेन की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है। मोदी ने 14 जून को इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय के एक रीडआउट के अनुसार, दोनों नेताओं ने एक ₹प्रोडक्टिव मीटिंग₹ की, जिसमें उन्होंने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने यूक्रेन की स्थिति और स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित शांति शिखर सम्मेलन पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। मीटिंग के बाद रीडआउट में बताया गया कि मोदी ने कहा- भारत ₹डायलॉग और डिप्लोमैसी के जरिए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करना जारी रखेंगे₹ और नई दिल्ली 'शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए अपने साधनों के भीतर हर संभव प्रयास करेगी।' इससे पहले, मोदी और जेलेंस्की ने पिछले साल जापान में जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की थी।

# शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल शुरू करेगा केरल



एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

देश के सभी राज्यों में से दक्षिण भारतीय राज्य केरल में सबसे ज्यादा साक्षरता दर है। इसके पीछे कई वजहें हो सकती हैं, लेकिन इसी बीच केरल सरकार शिक्षा के क्षेत्र में एक और कदम उठाने जा रही है। बच्चों के माता-पिता को इस बात की चिंता रहती है कि उनके बच्चे का बैग भारी है। सरकार अभिभावकों की इसी चिंता का निवारण करने पर विचार कर रही है। केरल की पिनाराई विजयन सरकार 'बैग फ्री डेज' पहल पर काम कर रही है। अगर सब कुछ सही रहा तो बच्चों को अब स्कूल में भारी बैग लेकर नहीं जाना पड़ेगा। योजना के मुताबिक बच्चों को महीने में चार दिन बैग ले जाने से मुक्ति मिलेगी।

### महीने में 4 दिन 'बैग फ्री डेज' पर फैसला लेने जा रही विजयन सरकार

### अभिभावकों की चिंताओं को दूर करने के लिए कई उपायों पर विचार

केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने कहा है कि स्कूल बैग के वजन को लेकर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर राज्य सरकार बच्चों और अभिभावकों की चिंताओं को दूर करने के लिए कई उपायों पर विचार कर रही है।

### भारी स्कूल बैग के मुद्दे पर जल्द फैसला लेगी सरकार

शिवनकुट्टी ने शुक्रवार को दिए एक बयान में कहा कि सरकार राज्य में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के भारी स्कूल बैग के मुद्दे पर जल्द ही फैसला लेगी। अभिभावकों और सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली को पसंद करने वाले लोगों की ओर से कई शिकायतें और सुझाव आ रहे हैं।